RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 166 • 07:10:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## एससीओ शिखर सम्मेलन: पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर नहीं होगी बात : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान में 15 और 16 अक्टूबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल होंगे। इस खबर के बाद अटकलें लगाई जा रहीं थी कि सम्मेलन में भारत और पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा होगी। इन तमाम अटकलों पर पर खुद विदेश मंत्री ने विराम लगाते हुए साफ कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों पर कोई चर्चा नहीं होगी। आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस द्वारा आयोजित पांचवें 'शासन पर सरदार पटेल' व्याख्यान में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में खुद डॉ.जयशंकर ने देते हुए कहा कि 15 से 16 अक्टूबर तक की जाने वाली उनकी पाकिस्तान यात्रा का उद्देश्य केवल एससीओ शिखर सम्मेलन जैसे बहुपक्षीय कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करना है। इसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर कोई चर्चा नहीं की जाएगी। जयशंकर ने कहा, मैं पाकिस्तान, संगठन का एक अच्छा सदस्य बनने जा रहा हूं। आप जानते हैं कि मैं एक विनम्र और सभ्य



व्यक्ति हूं। इसलिए मैं उसी अनुसार व्यवहार करूंगा। पाक में द्विपक्षीय वार्ता का कोई कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) की प्रगति में पाकिस्तान को बाधक बताते हुए कहा कि आतंकवाद अस्वीकार्य है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बावजूद अगर हमारा कोई पड़ोसी ऐसा करना जारी रखता है तो सार्क में सामान्य रूप से काम नहीं हो सकता है। आखिरी सार्क सम्मेलन 2014 में काठमांडू में आयोजित किया गया था। इसके बाद 2016 में होने वाले समूह के शिखर सम्मेलन का भारत के बहिष्कार की वजह से आयोजन नहीं किया जा सका था। विदेश मंत्री ने इजरायल-ईरान के बीच जारी भीषण विवाद को गंभीर चिंता का कारण बताते हुए कहा कि मध्य-पूर्व एक अवसर नहीं है। बल्कि ये गंभीर चिंता और परेशानी का कारण है। संघर्ष बढ़ रहा है। इसमें हम देख रहे हैं कि एक आतंकी हमले के जवाब में गाजा में क्या हुआ? लेकिन अब आप इसे इजरायल और ईरान के बीच लेबनान के आदान-प्रदान के रूप में परिवर्तित होते हुए देख रहे हैं। हूती विद्रोही लाल सागर पर हमले कर रहे हैं।

### छह साल से तनावपूर्ण हैं संबंध

मालूम हो कि भारत और पाकिस्तान के आपसी संबंधों में बीते करीब छह साल से दरार पड़ी हुई है। इसके पीछे वर्ष 2019 में पाक समर्थित जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन द्वारा पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर किए गए आत्मघाती हमले में हुई 40 जवानों की शहादत सबसे बड़ा कारण रहा है। इसके जवाब में वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने एलओसी पार कर बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था और फिर भारत ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370, 35-ए को हटाकर उसका विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया था।

### जयशंकर को इमरान खान ने दिया न्यौता, पाकिस्तान में मचा हड़कंप

**इस्लामाबाद**। भारत के विदेश मंत्री का नाम पाकिस्तान में गूंज रहा है। हर एक राजनैतक दल में जयशंकर के नाम की चर्चा है। इसी बीच वहां के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन्हे न्यौता देकर आग में घी का काम कर दिया है। दरअसल एस जयशंकर इस महीने की 15-16 तारीख को पाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), ने जयशंकर को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का व्यंग्यात्मक निमंत्रण दिया है, जिससे वहां की सत्तारूढ़ सरकार नाराज हो गई है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी इस मुद्दे पर कहा कि जयशंकर को निमंत्रण पीटीआई की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। इन सभी तीखी प्रतिक्रियाओं के बाद, सैफ ने स्पष्ट किया कि उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता अताउल्लाह तरार और सिंध प्रांत के सूचना मंत्री सरजील मेमन ने इस निमंत्रण पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। तरार ने कहा कि यह बेहद गैरजिम्मेदाराना है और पाकिस्तान की शत्रुता को दर्शाता है। वहीं, मेमन ने इसे पीटीआई की देश विरोधी मानसिकता का प्रमाण बताया और आरोप लगाया कि पीटीआई एससीओ सम्मेलन को विफल करने की कोशिश कर रही है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार, मुहम्मद अली सैफ, ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि पीटीआई जयशंकर को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर सकती है।

## त्योहारी सीजन में चलेंगी लगभग 400 स्पेशल ट्रेन

### 11 नवंबर तक लगाएंगी 5,975 स्पेशल ट्रिप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही देश में फेस्टिव सीजन भी शुरू हो गया है। और इसके साथ ही छुट्टियों में एक जगह से दूसरी जगह जाने वाले मुसाफिरों की संख्या में भी तेजी के साथ बढ़ोतरी होने लगी है। फेस्टिव सीजन में यात्रियों की संख्या के दबाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने इस साल भी बड़ी तैयारी की है। नवरात्रि से लेकर छठ पूजा तक की अवधि में मुसाफिरों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने 400 से स्पेशल ट्रेन लॉन्च की है। फेस्टिव सीजन के दौरान ये स्पेशल ट्रेन 5,975 फेरे (ट्रिप) लगाएंगी, ताकि यात्रियों को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्रेन मिल सके। इसके पहले 2023 में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे। इस तरह इस साल मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन पिछले साल की तुलना में 1,546 फेरे अधिक लगाएंगी। हालांकि मंत्रालय की ओर से ये भी कहा गया है कि अगर



मुसाफिरों की संख्या का दबाव और बढ़ा तो स्पेशल ट्रेन के फेरों की संख्या में और बढ़ोतरी की जा सकती है। मध्य रेलवे ने फेस्टिव सीजन के दौरान 278 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है, जिससे छुट्टियों में अपने पुश्तैनी शहरों में या गांव जाने और फिर वापस आने में लोगों को काफी सुविधा होगी। इन ट्रेनों का रूट, ऑरिजिन स्टेशन से छूटने और डेस्टिनेशन तक पहुंचने का समय तथा रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों पर ठहराव की विस्तृत जानकारी पाने के लिए इंडियन रेल की इंक्वारी वाली साइट से पता किया जा सकता है। इसके पहले उत्तर रेलवे ने भी फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों के लिए परेशानी मुक्त और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के इरादे से 138 स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया था। इसके तहत 11 नवंबर तक ये स्पेशल ट्रेन 2,694 फेरे लगाएंगी। उत्तर रेलवे की ओर से दावा किया गया था कि इस साल पिछले साल की तुलना में स्पेशल ट्रेन के फेरे अधिक होने की वजह से पहले से प्लान करके चलने वाले मुसाफिरों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन के अलावा पहले से चल रही 108 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच (डिब्बा) जोड़ने का भी ऐलान किया गया है। ये अतिरिक्त डिब्बे सामान्य श्रेणी के होंगे, जिससे अंतिम समय में यात्रा करने का मन बनाने वाले मुसाफिरों को भी ट्रेन में जगह मिल सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू 10 अक्टूबर तक रहेंगे भारत के दौरे पर

**नई दिल्ली**। इंडिया आउट के नारे पर जीतकर मालदीव के राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने वाले



मोहम्मद मुइज्जू 6-10 अक्टूबर को भारत के दौरे पर रहेंगे। इस दौरे पर वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय चर्चा होगी। इस दौरान, दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी आयामों पर बातचीत होने की उम्मीद है। संभवतः कुछ अहम करारों पर भी सहमति बनेगी। मुइज्जू के भारत दौरे के प्लान में मुंबई और बेंगलुरु भी शामिल है, जहां वे एक बिजनेस इवेंट में भाग लेंगे। पिछले साल सितंबर में हुए चुनावों में मालदीव की जनता ने मोहम्मद मुइज्जू को विजयी बनाया। उस समय, उन्होंने अपने चुनावी प्रचार में वादा किया था कि वे मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालेंगे। उन्होंने यह बात अपने पहले संबोधन में भी दोहराई। इस बीच, भारतीय स्टाफ जो मेडिकल इमरजेंसी, रेस्क्यू और समुद्री पट्रोलिंग के काम में लगे थे, उनके ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच कई दौर की वार्ताएं हुईं। इसके बाद, भारत ने सैन्य स्टाफ की जगह तकनीकी स्टाफ को तैनात किया। यह वह समय था जब दोनों देशों के बीच संबंधों का सबसे असहज दौर चल रहा था।मुइज्जू के ऑफिस से जारी बयान में कहा गया है कि वे उन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो मालदीव के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह मुइज्जू का भारत का पहला आधिकारिक दौरा है। वे जून में पीएम नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण के दौरान भारत आए थे।

### दिल्ली के जंतर मंतर पर नहीं मिली अनुमति, लद्दाख भवन में अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक

**नई दिल्ली**। लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक दिल्ली के लद्दाख भवन में रविवार को भूख हड़ताल पर बैठे। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनूसूची में शामिल करने की मांग को लेकर वह राजघाट या जंतर-मंतर पर अनशन करना चाहते थे, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई। इसके कारण वह जहां ठहरे थे वहीं भूख हड़ताल पर बैठ गए। वांगचुक ने भूख हड़ताल शुरू करने से पहले मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्हें कहीं और धरने का स्थान नहीं मिलने के कारण वह यहां बैठे हैं। इस दौरान करीब 18 लोग उनके साथ धरने में बैठे हैं। जंतर-मंतर पर बैठने की अनुमति नहीं मिलने के बाद आज उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आखिरकार आज सुबह हमें विरोध प्रदर्शन के लिए आधिकारिक तौर पर निर्धारित स्थान के लिए यह अस्वीकृति पत्र मिला। अगर जंतर-मंतर पर जाने की अनुमति नहीं है तो कृपया हमें बताएं कि किस स्थान पर जाने की अनुमति है। हम सभी कानूनों का पालन करना चाहते हैं और फिर भी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी शिकायत व्यक्त करना चाहते हैं। गांधी के देश में उनके रास्ते पर चलना इतना मुश्किल क्यों है? कोई रास्ता तो होना ही चाहिए। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि लद्दाख भवन में भूख हड़ताल पर पदयात्री भी हैं। नई दिल्ली में अपने अनशन के लिए वैध स्थान खोजने के लिए हर संभव प्रयास करने के बाद हमने आखिरकार यहां लद्दाख भवन में अपना अनशन शुरू किया है।

## 20 साल बाद शोपियां गांव में अर्धनारीश्वर मंदिर में हुई पूजा, मुस्लिमों ने किया स्वागत

**एजेंसी। श्रीनगर**

कश्मीरी पंडितों ने 20 साल बाद उत्तरी कश्मीर के शोपियां जिले के नादिमर्ग गांव में अर्धनारीश्वर मंदिर में पूजा कर मूर्ति की स्थापना की। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मंदिर में दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा में हिस्सा लेने उमड़ पड़े। 20 साल के बाद शांतिपूर्ण माहौल में पूजा समारोह आयोजित की गई, जिसमें मुसलमानों ने कश्मीरी पंडितों का जोरदार स्वागत किया, जो पूजा में शामिल होने मंदिर पहुंचे थे। शोपियां के डीसी मोहम्मद शाहिद सलीम डार ने अर्धनारीश्वर मंदिर का दौरा किया और कहा कि यह अवसर शांति और समृद्धि के युग का प्रतीक है। समारोह में जिला और उपमंडल अधिकारियों के साथ स्थानीय लोग भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं को



जरुरी सेवाएं प्रदान करने वाले अन्य विभागों के साथ उचित सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। डीसी डार ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की और श्रद्धालुओं से बातचीत की और सामुदायिक भवन या यात्रा भवन की स्थापना व कल्याण संबंधी मुद्दों को सुना। उन्होंने इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। डार ने नादिमर्ग में कश्मीरी पंडितों के खाली पड़े घरों का भी दौरा किया।

## भोपाल में पकड़ाई 18 सौ 14 करोड़ की 900 किलो एमडी ड्रग्स

- गुजरात, दिल्ली एटीएस और दिल्ली एनसीबी की संयुक्त कार्रवाई दो आरोपी गिरफ्तार
- 6 महीने पहले किराये पर ली थी फेक्ट्री, केमिकल की आड़ में बना रहे थे ड्रग्स

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 18 सौ 14 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 900 किलो एमडी (मेथामफेटामाइन) ड्रग्स बरामद की गई है। इस कार्रवाई को गुजरात और दिल्ली एटीएस (आतंकवाद विरोधी दस्ते) और दिल्ली एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) ने ज्वांइट ऑपरेशन करते हुए अंजाम दिया है। यह ड्रग्स भोपाल में कटारा हिल्स थाना क्षेत्र के बागरोदा पठार में स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एक फेक्ट्री पर छापामार कार्यवाही कर बरामद की है। सूत्रों के अनुसार, रेड के दौरान दो आरोपियो महाराष्ट्र, नासिक के रहने वाले सान्याल बाने और भोपाल के अमित प्रकाशचंद्र चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात एटीएस को राजधानी भोपाल में दोनो आरोपियो के ड्रग्स बनाने और उसे बेचने के बारे में इनपुट मिला था, जिसके बाद आला



अफसरो के निर्देश पर शनिवार को फैक्ट्री पर रेड मारी गई। कार्रवाई के दौरान पता चला कि फेक्ट्री में केमिकल की आड़ में मेफेड्रोन (एमडी) नाम का ड्रग्स बनाने का काम किया जा रहा था। इसे बनाने में इस्तेमाल होने वाला करीब 5 हजार किलोग्राम का कच्चा माल और उपकरण भी मिले है। इन उपकरणो में ग्राइंडर, मोटर, ग्लास फ्लास्क, हीटर शामिल हैं, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। दोनो आरोपियो ने करीब 6-8 महीने पहले ही यह फेक्ट्री किराए पर लेकर शुरू की थी। करीब 900 किलो बरामद ड्रग्स की अनुमानित कीमत 1814 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस पूरी कार्रवाई को राजधानी पुलिस से छिपाकर रखा गया था, और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। एनसीबी और एटीएस की टीम 24 घंटे पहले से ही भोपाल में मौजूद थी, लेकिन उन्होंने किसी तरह की जानकारी सार्वजनिक नहीं की। हालांकि, इस रेड की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गुजरात के मंत्री हर्ष संघवी ने कार्यवाही को लेकर कहा है, कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में भारी जीत के लिए गुजरात एटीएस और एनसीबी (ऑपरेशन), दिल्ली को बधाई। हाल ही में, उन्होंने भोपाल में एक फैक्ट्री पर छापा मारा और एमडी तथा एमडी बनाने में प्रयुक्त सामग्री जब्त की है, जिसकी कीमत 1814 करोड़ रुपये है। यह उपलब्धि नशीली दवाओं की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने में हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अथक प्रयासों को दर्शाती है। हमारे समाज के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए उनके सहयोगात्मक प्रयास महत्वपूर्ण हैं। हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों का समर्पण वाकई सराहनीय है।

## 500 करोड़ के हाईबॉक्स मोबाइल ऐप स्कैम में रिया चक्रवर्ती, एल्विश यादव, और भारती सिंह फंसे

**नई दिल्ली** । 500 करोड़ रुपये के हाईबॉक्स मोबाइल ऐप से जुड़े एक बड़े घोटाले में बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती, कॉमेडियन भारती सिंह और यूट्यूबर एल्विश यादव का नाम सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने इन तीनों समेत कई यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को समन भेजा है। इन पर आरोप है कि इन्होंने ऐप के प्रचार के माध्यम से लोगों को उच्च रिटर्न का लालच देकर निवेश के लिए प्रेरित किया। दिल्ली पुलिस को इस मामले में 500 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनके पसंदीदा यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के प्रमोशनल वीडियोज देखकर उन्होंने हाईबॉक्स ऐप में निवेश किया था। पुलिस ने 30 हजार से अधिक लोगों के साथ 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, इस घोटाले का मुख्य आरोपी शिवराम (30), जो चेन्नई का निवासी है, को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस कमिश्नर हेमंत तिवारी ने बताया कि हाईबॉक्स एक मोबाइल ऐप है, जिसके जरिए लोगों से रोजाना 1 से 5 प्रतिशत और महीने में 30 से 90 प्रतिशत तक गारंटीशुदा रिटर्न का वादा किया गया था।

## मुफ्त बिजली देने का ऐलान करें मोदी जी, मैं करूंगा भाजपा का प्रचार : केजरीवाल

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित 'जनता की अदालत' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दिल्ली में अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब 'डबल लूट' है। यूपी, हरियाणा, और मणिपुर जैसे राज्यों में डबल इंजन सरकारों की असफलता का उदाहरण देते हुए केजरीवाल ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में समस्याएं बढ़ रही हैं, खासकर मणिपुर जहां पिछले दो साल से अशांति है। केजरीवाल ने पीएम मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वह भाजपा शासित 22 राज्यों में मुफ्त बिजली देने की घोषणा करते हैं, तो वह खुद भाजपा का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा, कि 10 साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में कुछ खास नहीं हुआ। अब कम से कम जनता के लिए कुछ करके जाइए। उन्होंने दिल्ली में अपराध बढ़ने और महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति को लेकर दिल्ली पुलिस और भाजपा सरकार की आलोचना की। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली में बस मार्शलों को हटाकर सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा कि इन मार्शलों ने बसों में कई अपराधों को रोका था, लेकिन भाजपा ने इनकी नौकरी छीन ली।

## भारतीय नौसेना ने ओमान में तैनात किया अपना प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन

**नई दिल्ली**। भारतीय नौसेना ने अपने प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) की तैनाती ओमान में की है। भारतीय जहाज तीर, शार्दुल और भारतीय तटरक्षक के जहाज वीरा लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती पर 05 अक्टूबर को मस्कट पहुंच गए हैं। 09 अक्टूबर तक चलने वाली यह यात्रा भारत और ओमान के बीच समुद्री क्षेत्र में मौजूदा रक्षा संबंधों को और मजबूत करने का संकेत देती है। यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना ओमान की रॉयल नेवी के साथ बंदरगाह पर बातचीत और संयुक्त अभ्यास सहित समुद्री सुरक्षा और अंतर-संचालन के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करेगी। तैनाती में दोनों नौसेनाओं के बीच प्रशिक्षण



आदान-प्रदान, पेशेवर बातचीत और मैत्रीपूर्ण खेल आयोजनों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पिछले दस वर्षों में यह 1टीएस की तीसरी ओमान यात्रा है। ये बातचीत नौसेना सहयोग को मजबूत करने और दोनों नौसेनाओं के बीच मौजूदा साझेदारी को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। 06 से 09 अक्टूबर तक ओमान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह चीफ ऑफ स्टाफ सुल्तान्स आर्म्ड फोर्सेज (सीओएसएसएएफ) अब्दुल्ला बिन खामिस बिन अब्दुल्ला अल रइसी और रॉयल नेवी ऑफ ओमान (सीआरएनओ) के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर बिन मोहसेन अल-रहबी के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वह ओमान में प्रमुख रक्षा और प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों का भी दौरा करेंगे। भारतीय नौसेना और ओमान की रॉयल नेवी विभिन्न क्षेत्रों में संचालन, प्रशिक्षण और सहयोगी प्रयासों के अवसरों पर एक-दूसरे के साथ सहयोग करती हैं। हाल ही में भारतीय नौसेना और ओमान की रॉयल नेवी स्टाफ वार्ता का छठा दौर 24 जून को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

## धोखाधड़ी वाले कॉल पर लगेगी लगाम...

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल के दिनों में, भारतीय नागरिकों को धोखाधड़ी वाले कई कॉल मिल रहे हैं, जो अक्सर भारतीय मोबाइल नंबरों की तरह दिखाते हैं। ये कॉल वास्तव में विदेशी साइबर अपराधियों द्वारा किए जा रहे हैं, जो कॉल की वास्तविक उत्पत्ति को छिपाने के लिए कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप मोबाइल नंबरों के डिस्कनेक्ट होने, फर्जी डिजिटल गिरफ्तारी की धमकियों जैसे घटनाएं बढ़ गई हैं। अब दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर एक उन्नत प्रणाली का शुभारंभ किया है। यह प्रणाली अंतरराष्ट्रीय नकली कॉलों की पहचान करने और उन्हें भारतीय दूरसंचार ग्राहकों तक पहुंचने से पहले ब्लॉक करने

### डीओटी और टीएसपी ने बनाया सुरक्षित कवच



के लिए तैयार की गई है। इस प्रणाली को दो चरणों में लागू किया जा रहा है। पहले चरण में टीएसपी स्तर पर अपने ग्राहकों के फोन नंबरों से नकली कॉल को रोकने का प्रयास करेगी, जबकि दूसरे चरण में अन्य टीएसपी से ग्राहकों के नंबरों से आने वाले नकली कॉल को केंद्रीय स्तर पर रोका जाएगा।अब तक, सभी चार प्रमुख टीएसपी ने प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 4.5 मिलियन स्पूफ कॉल में से करीब एक तिहाई को भारतीय दूरसंचार नेटवर्क में आने से रोका गया है। अगले चरण में एक केंद्रीकृत प्रणाली को शामिल किया जाएगा, जिससे शेष स्पूफ कॉल को समाप्त किया जा सकेगा, और इस जल्द ही चालू करने की योजना है।

हालांकि, धोखेबाज लगातार नए तरीकों का विकास कर रहे हैं, जिससे नागरिकों को धोखा देने की कोशिशें जारी हैं। दूरसंचार विभाग इन नए तरीकों की रिपोर्ट होने पर त्वरित कार्रवाई कर रहा है। तेजी से विकसित हो रही तकनीक के इस दौर में, विभाग ने दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित और संरक्षित बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन मजबूत सुरक्षा उपायों के बावजूद, ऐसे मामले हो सकते हैं जहां धोखेबाज दूसरे तरीकों से सफल हो जाते हैं।

## वायु सेना ने तीन दिनों से हिमालय में फंसी ब्रिटेन और अमेरिका की दो महिला पर्वतारोहियों को बचाया

**नई दिल्ली**। वायु सेना ने उत्तराखंड की चौखंबा तृतीय चोटी पर चढ़ने के प्रयास में तीन दिनों से फंसी दो विदेशी महिला पर्वतारोहियों को 60 घंटे तक ऑपरेशन चलाने के बाद रविवार को सुबह सुरक्षित बचा लिया है। अमेरिका की मिशेल थेरेसा ड्वोरक और ब्रिटेन की फे जेन मैनर्स 3 अक्टूबर से 6,015 मीटर की ऊंचाई पर फंसी थीं। इनका भोजन और चढ़ाई के सामान वाला जरूरी बैग खाई में गिर गया था, जिसके बाद दोनों विदेशी महिलाओं ने अपनी एक महिला मित्र से मदद मांगी थी। यूएसए की मिशेल थेरेसा ड्वोरक और यूनाइटेड किंगडम की फे जेन मैनर्स 15 सितंबर को दिल्ली पहुंचीं थीं। दोनों विदेशी पर्वतारोही 2022 में बने उस रिकॉर्ड को तोड़ना चाहती थीं, जिसे 6,200 मीटर की ऊंचाई पर उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी डेनाली पर चढ़कर पिता भारतीय मूल के अजीत और पुत्री दीया बजाज ने बनाया था। दोनों अनुभवी पर्वतारोही महिलाएं भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन की ओर से आयोजित एक विदेशी पर्वतारोहण अभियान में शामिल हुईं और उत्तराखंड के चमोली जिले में 6,995 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चौखम्बा तृतीय चोटी पर चढ़ाई शुरू की।

## सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी: 1 करोड़ 30 लाख के इनामी 16 नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा**। दंतेवाड़ा-नारायणपुर सीमा पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। इस ऑपरेशन में जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में से 16 पर कुल 1 करोड़ 30 लाख रुपये का इनाम था। इस कामयाबी की जानकारी बस्तर पुलिस आईजी सुंदरराज पी. ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में 18 पुरुष और 13 महिलाएं शामिल हैं। इनमें से 14 नक्सलियों की पहचान हो चुकी है, जबकि अन्य की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में 25 लाख की इनामी नक्सली नीति उर्फ उर्मिला, जो डीकेएसजेडसी (दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी) की सदस्य और पूर्वी बस्तर की इंचार्ज थी, शामिल है। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने एक एलएमजी, चार एके-47, छह एसएलआर, तीन आईएनएसएएस और दो .303 राइफल सहित कई अन्य हथियार बरामद किए हैं। इसके अलावा, भारी मात्रा में ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किए गए, जो इस ऑपरेशन की बड़ी सफलता को दर्शाते हैं।



# हरिजन स्कूलों के नाम बदलेगी नीतीश सरकार, विद्यालयों से जाति सूचक शब्द हटाए जाएंगे

**पटना,एजेंसी।** बिहार के वैसे सभी विद्यालय जिनके नाम में हरिजन शब्द जुड़े हुए हैं, हटाए जाएंगे। इसकी जगह वहां पर अनुसूचित जाति शब्द का प्रयोग होगा। यही नहीं, किसी भी स्कूल में किसी तरह के जातिसूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाएगा। वे सारे शब्द हटाए जाएंगे।

नीतीश सरकार के शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने कहा है कि पहले भी विभाग की ओर से निर्देश जारी किये गये हैं। अब विभाग इस मामले पर सख्त है। पिछले दिनों अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ ने भी सरकार को शिकायत की थी। इसमें ऐसे नाम के उपयोग वाले विद्यालय की जानकारी दी गई थी। निदेशक ने कहा है कि ऐसे सभी विद्यालयों के नाम से हरिजन शब्द हटाकर अनुसूचित जाति शब्द का प्रयोग कर नये सिरे से नाम निर्धारण करना सुनिश्चित किया जाए।

बता दें कि बिहार विधान परिषद में यह मामला उठने के बाद शिक्षा विभाग ने पूर्व में भी इस ओर पहल की थी। जून 2020 में विभाग ने स्कूलों के नाम से हरिजन शब्द हटाने का आदेश दिया था।

उस वक्त सभी जिलों से 15 दिनों के भीतर स्कूलों के नाम से हरिजन हटाकर अनुसूचित जाति करने को कहा गया था। हालांकि, उसके बावजूद राज्य में कई हरिजन स्कूलों के नाम नहीं बदले गए। अब फिर से ऐसा आदेश जारी हुआ है।

# रावण के सिर से पहली बार होगा कोल्ड फायर
## बक्सर में इस साल सबसे अलग तरीके से होगा दहन



**बक्सर,एजेंसी।** बक्सर जिले में शारदीय नवरात्री के साथ दशहरा में रावण वध को लेकर भी तैयारी चल रही है। बक्सर जिले में रावण का पुतला बनाने मिश्रवलिया निवासी जितेंद्र शर्मा अपने परिवार के साथ भयानक रावण और मेघनाद के पुतले को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार का रावण हर साल से काफी अलग दिखेगा। किला मैदान में दहन होने वाले रावण और मेघनाथ की लंबाई 5 फीट कम होगी। इस बार जिला मुख्यालय के अलावा विभिन्न शहर और गांवों के रामलीला कमेटी द्वारा रावण बनाने का ऑर्डर एक महीने पहले से ही मिला हुआ है। जिसे किला मैदान के अलावा चुन्नी, अखौरीपुर गोला, चौसा, मिश्रवालिया में दहन किया जाएगा।

**रावण दहन से पहले दस सिर और मुकुट से पहली बार होगा कोल्ड फायरः** रावण का पुतला बना रहे कारीगर जितेंद्र शर्मा ने बताया गया की हर साल से इस बार के रावण में काफी चेंजिंग किया गया है। ऐसा पहली बार होगा कि पहले रावण के 10 सिर और उसके मुकुट से कोल्ड फायर होगा। उसके बाद पटाखे की गूंज के साथ धूं-धूंकर रावण का पुतला जलने लगेगा। कोल्ड फायर यानी कि रावण के सिर और मुकुट से इलेक्ट्रिक शॉर्ट से आग का फवारा एक मिनट तक निकलेगा। वहीं, इस साल पुतले में कई तरीके का बदलाव भी किया गया है।

### एसी मैकेनिक ने बनाया पुतला

इस साल रावण और मेघनाथ की हाइट पांच फीट कम बनाया जा रहा है। पुतले की ड्रेस की बात करें तो कई वर्षों से लगातार रावण का ड्रेस नीचे पाजामा और ऊपर घाघरा टाइप का कुर्ता हुआ करता था लेकिन इस बार रावण का पुतला धोती में होगा। इतना ही नहीं हमेशा रावण के हाथ मे तलवार होता था लेकिन इस बार का रावण तीर धनुष से किला मैदान में राम जी के साथ युद्ध करेगा।

**50 हजार की लागत से तैयार होते हैं पुतले:** रावण-मेघनाथ के पुतले की लम्बाई को लेकर बताया गया कि किला मैदान में रावण दहन के लिए जो जगह बनाया गया हुआ है, वहां पुतला खड़ा करने में दिक्कत होता है। क्रेन नहीं मिलता है तो बड़ा पुतला सही से खड़ा नही हो पाता है।40 -45 फीट का रहेगा तो जल्दी खड़ा हो जायेगा और पुतला सही से सीधा भी रहता है। इसको बनाने में लगने वाली लागत को लेकर बताया कि सभी पुतले को तैयार करने में 40 से 50 हजार रुपए का खर्च आता है। रावण का पुतले बनाने में 20 हजार रुपए के आसपास का लागत लगता है। वहीं, बाकि पुतले तैयार करने में 5 से 8 हजार रुपए का ख़र्च आता है। जिसमें बक्सर के पुतला निर्माण में 26 बांस, दो किलो जुट के सूते, तीन किलो लोहे का तार, 15 किलो पेपर, दो किलो रंगीन पेपर, 90 मीटर कपडे और पेंट का प्रयोग किया गया है। पटाखा रामलीला कमेटी तय करेगी। लगभग सभी पुतले बनकर तैयार हैं। जिसे एक साथ भेजने के लिए चार ट्रैक्टर की जरूरत पड़ती है।

**रावण बनाने का पेशा नहीं शौक है:** जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पुतला बनाने का पेशा नहीं है। इस काम के लिए साल में केवल एक महीने का समय देता हूं। बाकि समय मैं एसी बनाने का काम करता हूं। पुतला बनाने के काम में मेरे बच्चे और पत्नी का मदद करते हैं। जिस दिन रावण खड़ा करना होता है, उस दिन आठ लोगों को अपने साथ रखता हूं।

साथ काम करने वाले लोगों को एक हजार रुपए प्रति आदमी देता हूं। हालांकि इस साल पुतले बनाने में हर साल की अपेक्षा पांच हजार रुपए ज्यादा का खर्च आया है। मैं इस कार्य को पिछले 6 सालों से कर रहा हूं। पहले केवल अपने गांव के लिए रावण बनाने के काम करता था लेकिन धीरे-धीरे कई गांवों से ऑर्डर मिलने लगे। इस बार जिला मुख्यालय के अलावा 5 जगहों का ऑर्डर मिला हुआ है। जिसका अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डेंगू : जिले में दो नये मरीज मिले, संख्या 105 हुई

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** जिले में शनिवार को डेंगू के दो नये मरीज मिले हैं। दो नये मरीज के मिलने से जिले में डेंगू पीड़ितों की संख्या 105 पहुंच गई है। नये मरीजों में एक मुशहरी और दूसरा कटरा इलाके का रहने वाला है। जिले में अब तक सबसे अधिक मरीज मुशहरी में मिले हैं। मुशहरी में अब तक डेंगू के 30 मरीज मिल चुके हैं। मुशहरी के अलावा मीनापुर में 22 मरीज मिले हैं। शहरी क्षेत्र में भी 14 मरीज मिल चुके हैं।

### किराए पर मकान लेने का झांसा दे 92 हजार ठगे

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** किराए पर मकान लेने और एडवांस किराया भुगतान करने का झांसा देकर साइबर शातिरों ने बालूघाट के लालबाबू प्रसाद के पुत्र से 92 हजार 300 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। इस संबंध में लालबाबू प्रसाद ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को बताया है कि पुत्र अंकित राज ने मकान किराए पर लगाने के लिए एप पर ऑनलाइन ऐड डाला था। इसके आधार पर साइबर शातिरों ने कॉल की। कॉल कर 8000 रुपये मासिक पर मकान किराए पर लेने का झांसा दिया। यूपीआई के जरिए एडवांस किराया देने के लिए कहा। उसने यूपीआई पर रिक्वेस्ट डाला था। जिस पर क्लिक करने पर खाते से 8000 रुपये कट गए। इस राशि को पाने के लिए धीरे-धीरे 92 हजार 300 रुपये मंगा लिये। साइबर थाना के अपर थानेदार जनमेजय प्रसाद ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### दुर्गा पूजा के अवसर पर सात दिवसीय रामायण पाठ आयोजित

**भागलपुर,एजेंसी।** दुर्गा पूजा को लेकर चारों ओर खुशी का माहौल है। जगह-जगह दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही दुर्गा सप्तशती की पाठ किए जाने के साथ भक्ति कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

पूजा प्रारंभ होने के साथ इस वर्ष नई दुर्गा स्थान अब्जूगंज में अयोध्या के प्रशिक्षित व्यासों द्वारा सात दिवसीय रामायण पाठ किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस दौरान कथावाचक रेनू शास्त्री द्वारा कथा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तीन अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है। जो नौ अक्टूबर को समाप्त होगा, 10, 11 और 12 अक्टूबर को नाटक का मंचन किया जाएगा।

### मंत्री संतोष सुमन ने सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

**गया,एजेंसी।** मंत्री संतोष सुमन ने शनिवार को प्रखंड के कोठी में एक सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने कोठी पइन का निरीक्षण किया और किसानों को पइन का उड़ाही करने का आश्वासन दिया। बाद में बसुरा गांव गए। जहां पांच सितंबर को सुफियान रजा नामक एक बच्चा की नदी में डूबकर मौत हो गई थी। उसके पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उसके पिता मो कलाम को आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख चेक दिया।

# 22 स्कूलों ने एमडीएम की नहीं दी रिपोर्ट, इन पर होगी कार्रवाई

### एमडीएम की गुणवत्ता को लेकर सरकार गंभीर



**खगड़िया,एजेंसी।** सरकारी विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के तहत चलाये जा रहे मध्याह्न भोजन का रिपोर्ट खगड़िया के 22 विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने राज्य मुख्यालय को नहीं भेजा। जिसके बाद डीपीओ मध्याह्न भोजन ने बीते 28 सितंबर को सभी से कारण बताओ नोटिस जारी किया। बावजूद 5 दिन बाद भी किसी प्रधानाध्यपक ने रिपोर्ट विभाग को नहीं भेजी है।

गौरतलब है कि इसको लेकर कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन निशित प्रणीत सिंह ने नोटिस जारी करते हुए सभी 22 प्रधानाध्यापक को कार्यालय पहुंच नोटिस का जबाव देने का निर्देश दिया है। बता दें कि एमडीएम निदेशालय में रोजाना मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता और संचालन की समीक्षा होती है, जिसको लेकर सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को दोपहर में आईवीआरएस के जरिए रिपोर्ट निदेशालय को देनी होती है।

22 विद्यालय ने कॉल का नहीं दिया जबाव

समीक्षा के क्रम राज्य निदेशालय द्वारा पाया गया कि खगड़िया के 22 विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बीते 23 से 27 सितंबर तक आईवीआरएस कॉल का जबाव नहीं दिया। डीपीओ द्वारा कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि आपलोग कई बार कॉल का जबाव नहीं दे रहे हैं।

जिसके कारण इस योजना के संचालन की वास्तविक जानकारी नहीं हो पा रही है। बता दें कि एमडीएम का जो मेन्यू सरकार की तरफ से फिक्स किया गया है उसके अनुसार सोमवार को चावल, मिक्स दाल और हरी सब्जी, मंगलवार को चावल और आलू सोयाबीन की सब्जी, बुधवार को हरी सब्जी और खिचड़ी चोखा एवं मौसमी फल, गुरुवार को चावल, दाल और हरी सब्जी, शुक्रवार को पुलाव, काबुली चना या लाल चना का छोला, सलाद तथा अंडा और एक फल एवं शनिवार को बरी सब्जी के साथ खिचड़ी और मौसमी फल बच्चों को दिया जाना है। गौरतलब है कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर सरकार काफी गंभीर है। डीपीओ ने बताया कि मध्याह्न भोजन योजना में मिल रही शिक ायत को दूर करने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं।

इसके अनुसार भोजन की गुणवत्ता का रिपोर्ट सभी प्रधाना ्यापकों को रजिस्टर में अंकित करना होगा। इसके अलावा बच्चों को भोजन परोसने से पहले उसे प्रधान ध्यापक और रसोईया चखेंगे।

भोजन चखने के बाद उसकी गुणवत्ता का रिपोर्ट भी दर्ज करना है। डीपीओ ने बताया कि जिन 22 विद्यालय के प्रधाना ्यापकों ने रिपोर्ट नहीं दी है उनपर नियमानुसार कार्रवाई होगी। डीपीओ द्वारा जिन विद्यालय पर कार्रवाई हुई है उनमें अलौली प्रखंड के 3, बेलदौर के 3, खगड़िया सदर के 10, मानसी के 1 और परबत्ता प्रखंड के 5 विद्यालय शामिल हैं। इन सभी को डीपीओ ने 5 दिन पहले नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण पूछा था। बावजूद इसके इन प्रधानाध्यापकों ने नोटिस का जबाव मध्याह्न भोजन कार्यालय में जमा नहीं किया है।

### बीपीएससी शिक्षकों को हेडमास्टर बनाने के आदेश पर हाई कोर्ट की रोक, 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई

**पटना,एजेंसी।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से चयनित शिक्षकों को स्कूलों में हेडमास्टर का प्रभार दिए जाने के आदेश पर पटना हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी। इस बीच हाई कोर्ट ने इस मामले पर जवाबी हलफनामा दायर करने का भी आदेश दिया है। बिहार के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से पूर्व में एक आदेश जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जिन नियोजित शिक्षकों के पास हेडमास्टर का प्रभार है वे तुरंत बीपीएससी से चयनित टीचर को सौंप दें।

इस आदेश पर नियोजित शिक्षकों को करारा झटका लगा। इसके खिलाफ पटना हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। जस्टिस नानी टांगिया की एकलपीठ ने किशोरी दास की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई के बाद शिक्षा निदेशालय के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। कोर्ट को बताया गया कि बिहार सरकार के शिक्षा निदेशालय ने एक पत्र जारी कर निर्देश दिया था कि राज्य के जिस किसी भी माध्यमिक एवं उच्तर माध्यमिक स्कूल में कोई भी नियोजित शिक्षक प्रधानाध्यापक के प्रभार में है, तो वे अविलंब बीपीएससी से नियुक्त शिक्षक को अपना प्रभार सौंप दें।

### 5 किमी के दायरे में चलेगी ई-रिक्शा :लखीसराय डीएम ने जाम की समस्या को लेकर दिया आदेश

**लखीसराय,एजेंसी।** लखीसराय में जाम की समस्या को हल करने के लिए जिले के डीएम मिथिलेश मिश्र और परिवहन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों की जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणि ने दी। अब ई-रिक्शा को लखीसराय रेलवे स्टेशन से केवल 5 किमी के दायरे में ही चलने की अनुमति होगी, और इसके लिए रूट तय किए गए हैं।



प्रत्येक रूट के लिए अलग-अलग रंग के ई-रिक्शा चलेंगे, जैसे कि लाल रंग का ई-रिक्शा लखीसराय रेलवे स्टेशन से नया बस स्टैंड तक चलेगा, नारंगी रंग विद्यापीठ चौक तक, गुलाबी अशोक धाम तक, हरा रामगढ़ चौक तक, नीला तेतरहट तक, और बैंगनी किऊल तक।

16 किमी के दायरे में चलने की अनुमति

इसके अलावा, ई-रिक्शा चालकों को स्टेशन के बाहर तीन से अधिक वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी, और वे वाहनों को सीधी लाइन में खड़ा करेंगे। ऑटो का परिचालन नया बस स्टैंड से किया जाएगा और उन्हें 16 किमी के दायरे में चलने की अनुमति होगी। भारी वाहनों का शहर में प्रवेश सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

केवल रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लोड या अनलोड के लिए उन्हें जमुई मोड़ या विद्यापीठ के रास्ते शहर में प्रवेश की अनुमति होगी। सड़क पर मोटरसाइकिल की पार्किंग नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी शमनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को अपनी दुकानें सड़क से 6 फीट पीछे करनी होंगी, अन्यथा उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# 38 लाख लोगों ने दिया जमीन का ब्योरा
## 10 हजार गांवों में खतियान लेखन का काम पूरा

**पटना,एजेंसी।** बिहार चल रही जमीन सर्वे अथवा भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया में खतियान लेखन का काम एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब तक करीब 10 हजार गांवों (9889) में खतियान लेखन का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं, अन्य बचे हुए करीब 25 हजार गांवों या मौजों में खतियान लेखन का काम जारी है, जहां जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा।



जमीन सर्वे में अब तक राज्य भर में करीब 38 लाख लोगों ने अपनी भूमि का ब्योरा दिया है। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेश जे. प्रियदर्शिनी की अध्यक्षता में शनिवार को हुई समीक्षा बैठक के दौरान ये बातें सामने आईं। निदेशक ने सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों से ऑनलाइन बैठक कर जमीन सर्वे के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान यह बताया गया कि प्रपत्र-2 यानी स्वघोषणा पत्र के जरिए ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों माध्यम से 37 लाख 98 हजार 514 (लगभग 38 लाख) आवेदन मिले हैं।

सभी जिलों को मिलाकर कुल 15.55 लाख रैयतों ने अपने कागजात को ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट पर अपलोड किया है। वहीं, 19.93 लाख आवेदन ऐसे हैं, जो सर्वे शिविरों में ऑफलाइन मोड में प्राप्त हुए हैं। सर्वे कर्मियों ने इन्हें वेबसाइट पर अपलोड कर ऑनलाइन कर दिया है। सभी शिविरों में ऑफलाइन माध्यम से 2.49 लाख आवेदन ऐसे हैं, जिन्हें ऑनलाइन करना बाकी है।

सर्वाधिक 3.93 लाख प्रपत्र-2 रोहतास जिले से प्राप्त हुए हैं, जबकि गया जिला 2.95 लाख स्वघोषणा के साथ दूसरे नंबर पर है।

भोजपुर जिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से सबसे कम महज 33 हजार 355 स्वघोषणा फॉर्म ही प्राप्त हुए हैं। पूर्वी चंपारण इस मामले में 34, 594 स्वघोषणा के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर है। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे ज्यादा से ज्यादा रैयतों से संपर्क कर उन्हें स्वघोषणा पत्र अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करें।

# 3 साल से अररिया में रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

### पासपोर्ट बनवाने के लिए पहुंचा था, जांच में धराया, बोला-नदी पार कर भारत में घुसा था

**अररिया,एजेंसी।** रामपुर को दरकट्टी से एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया है। वह अवैध रूप से देश में 3 साल से रह रहा था । घुसपैठिए की पहचान बांग्लादेश के चापा नवाबगंज जिला निवासी नवाब के रूप में हुई है। घुसपैठिए ने यहां आधार से लेकर वोटर कार्ड तक बनवा लिए थे। उक्त पंचायत की मुखिया पम्मी देवी ने बताया कि घुसपैठिए ने पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया था। जिसके वेरिफिकेशन के लिए उसे मुखिया से लेटर लिखवाना था । इसी को लेकर कागजात के वेरिफिकेशन के लिए वह मुखिया के पास पहुंचा था। घुसपैठिए ने वोटर कार्ड में पिता के स्थानपर पत्नी का नाम अंकित कराया था। यह देख मुखिया को संदेह हुआ । शक के आधार पर मुखिया ने ऐन मौके पर पुलिस को इसकी सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घुसपैठिए को दबोच लिया। बताया जा रहा है कि नवाब 3 साल पहले अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमा को लांघकर भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया था। रामपुर को दरकट्टी में रंगीला नामक युवती से उसने शादी की है। उसकी एक बच्ची भी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



#### नदी पार भारत में घुसा था

नवाब ने बताया कि 3 साल पहले वह सीमा पार कर इंडिया आया था। नदी पार कराने के लिए एक घटवार को पैसे भी दिए थे। घटवार बीएसएफ जवानों से मिल उसे भारत में प्रवेश कराया। वह कटिहार के सेमापुर में खाला (मौसी) के पास जाकर रहा था। डेढ़ साल पहले रामपुर को दरकट्टी केमरंगी टोला वार्ड 1 गढ़बनैली में मुश्ताक की बेटी से शादी की । उससे उसकी एक बेटी भी है, जिसका नाम नुसरत खातून है।

नवाब के मुताबिक, वोटरकार्ड के लिए उसने बीएलओ कोभी पैसे दिए थे। वह भारतीय होने के सारे कागजातों को दुरुस्त कर लेना चाहता था। इसी को लेकर पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया था। उसने बांग्लादेश में परिवार के अन्य लोगों के रहने की बात कही।

#### जांच के बिना कुछ भी कहना जल्दबाजी

एएसपी रामपुकार सिंह ने बताया कि नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक नवाब को हिरासत में लेकर थाना में पूछताछ कर रही है। वहीं, खुफिया विभाग केअधिकारी भी बांग्लादेशी नागरिक से पूछताछ में जुटी है। जब तक इस मामले में पूरी तरह से जांच नहीं हो जाती है, तब तक कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

### 15 सौ रुपए के लिए हत्या, आरोपी गिरफ्तार, अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी अभी बाकी

- भोजपुर में चार दिन पहले मिली थी लाश

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर जिले के पीरो के हसन बाजार थाना के नोनार हॉल्ट के पास रमेन्द्र राम की हत्या हुई थी। मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। साथ ही कांड में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी एसपी राज ने पुलिस कार्यालय में दी है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया मो. शहजाद आलम पीरो के बचरी गांव का निवासी है।

कांड में इस्तेमाल किया गया पिस्तौल व मोबाइल जब्त कर लिया गया है। अन्य बदमाशों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। शुरुआती पूछताछ में महज 15 सौ रुपए के विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। एक अक्टूबर की शाम पीरो के बचरी गांव निवासी रमेन्द्र राम को घर से बुलाकर ले जाया गया था। उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दो अक्टूबर को नोनार हॉल्ट के पास से शव मिला था।



**विशेष टीम का गठन किया गया था:** पीरो एसडीपीओ केके सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस दौरान टीम ने छापेमारी कर कांड में संलिप्त मुख्य आरोपित मो.शहजाद आलम को गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

# पश्चिम कगहिया के सामुदायिक भवन की मरम्मती की होगी जांच

- महापौर ने नगर आयुक्त को दिया है जांच और कार्रवाई का आदेश
- आवेदक विद्या मांझी ने विभागीय सचिव, डीएम और नगर आयुक्त को दिया आवेदन

**चा ० भूमि, बेतिया। बेतिया।** नगर निगम के वार्ड दो के पश्चिम कगहिया में एक निजी भूखंड पर मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास निधि से वर्षों पूर्व निर्मित एक निजी उपयोग वाले सामुदायिक भवन की मरम्मती नगर निगम की एक विभागीय योजना के तहत कराने की शिकायत की गई है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया को विद्या मांझी की ओर से सौंपे गई शिकायत की प्रतिलिपि विभागीय सचिव, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को भी देने के साथ इसको लाखों की सरकारी राशि का दुर्पयोग स्थानीय नगर पार्षद अनुराधा यादव द्वारा विधि विरुद्ध यह कार्य कराने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास मद की सरकारी राशि से निर्मित इस सामुदायिक भवन का उपयोग निर्माण काल से ही पश्चिम करगहिया निवासी मुन्ना यादव उर्फ कमल यादव और उनके परिवार द्वारा किया जाता रहा है। बावजूद इसके इसकी मरम्मती और नाला निर्माण मद में पार्षद अनुराधा यादव द्वारा कुल 9,98700 की सरकारी राशि का दुर्पयोग पुनः नगर निगम के द्वारा करा दिया गया है। आवेदक विद्या मांझी ने इसके लिए जिम्मेदार और दोषी लोगों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कार्रवाई के बाद कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इधर नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि आवेदन में लगाए गए आरोप की गंभीरता को लेकर उन्होंने नगर आयुक्त शंभू कुमार को जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# मैनटांड में शिविर लगाकर नेत्र रोगियों का हुआ ईलाज

- समाजसेवी अभिषेक सर्राफ ने जांच शिविर का किया उदघाटन
- 22 मरीजो के मोतियाबिंद का छपरा में होगा आपरेशन



**चा० भूमि , मैनाटांड। मैनाटाड।** सोमगढ़ पंचायत के ग्राम समहौता में अभिषेक सराफ के सौजन्य से सैकड़ों नेत्र रोगियों का निःशुल्क जांच और दवा वितरण किया गया। शिविर में पहुंचे मोतियाबिंद के 22 मरीजों का छपरा के प्रसिद्ध अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा छपरा के मस्तीचक स्थित प्रसिद्ध अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के सौजन्य से आयोजित शिविर में सैकड़ों मोतियाबिंद के मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। शिविर का उद्घाटन समाजसेवी अभिषेक सर्राफ और साथ में शिवम गुप्ता रितुराज सिंह के द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद समाजसेवी अभिषेक सर्राफ ने कहा कि मनुष्य के जीवन में आंखों का महत्व सबसे अधिक है। इसी कारण नेत्रदान को महादान कहा गया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बृद्धजन की कौन कहे कम उम्र की महिला या पुरुष की आंखों में भी मोतियाबिंद की बीमारी हो जाने से उनकी आंखों की रौशनी चली या कम हो जा रही है। इसी समस्या को लेकर उनके कई प्रकार के कठिनाइयां का सामना करना पड़ता है।

## 8 लाख मे दी थी सुपारी, फिर मिल रही धमकी, पहले केस वापस लेने के लिए मारी थी गोली

**पटना।** मुझे बार-बार केस उठाने की धमकी दी जा रही थी। मैं नजर अंदाज करता रहा। जान से मारने की धमकियां मिली, मैं हल्के में लेता रहा। 3 जुलाई को बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। मुझे 3 बुलेट लगी, मैं बच गया लेकिन मेरा साथी विकास मारा गया। मैं घटना का इकलौता गवाह हूं, अब मुझे गवाही से रोकने के लिए जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ड्यूटी गया तो परिवार वालों को मार देगा। पटना पुलिस को रिकार्डिंग सुनवाया कोई सुरक्षा नहीं मिली है। पटना के दीघा के राजू की ये कहानी अपराधियों में कम होते पुलिस के खौफ का बड़ा उदाहरण है। 3 जुलाई को दीघा के बाटा फैक्टरी के सामने अपराधियों ने दो लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। बदमाशों ने पहले रेकी की और फिर उस वक्त गोलियां बरसाई जब युवक गाड़ी में बैठ रहा था। इस घटना में रामजीचक अहिरान गली के राजू कुमार और गाड़ी चला रहे विकास कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई जबकि पेट में गोली लगने के बाद भी राजू की जान बच गई। घटना के पीछे वर्चश्व का मामला सामने आया था। घटना के 20 दिन बाद 23 जुलाई को फिर बदमाशों ने दीघा के टैंपो स्टैंड के पास फायरिंग कर दो लोगों को गोली मारी। इस घटना में रामजीचक के नीरज व राजू घायल हो गए थे। इसमें नीरज की इलाज के दौरान मौत हो कई थी। दोनों घटना में लाइनर की भूमिका में मधुसूदन का नाम सामने आया।

## एआई की मदद से मुख्य सचिव की आवाज में रिटायर्ड बीडीओ से बात की, 1.10 लाख ठगे

**पटना।** साइबर अपराधी ने बिहार का मुख्य सचिव बन कर एआई की मदद से उनकी आवाज में रिटायर्ड बीडीओ से ठगी कर ली। इस संबंध में जक्कनपुर में रहने वाले रिटायर्ड बीडीओ उदय प्रताप ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। कहा-एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह चीफ सेक्रेटरी अमृत लाल मीणा बोल रहा है। जब मीणा आरा के डीएम थे, तब मैं भी वहीं पदस्थापित था। मुझे आवाज उनकी ही लगी। फ्रॉड ने कहा कि मेरे संबंधी अस्पताल में भर्ती हैं। तुम्हें पैसे भेज रहा हूं और तुम अस्पताल के खाते पर भेज दो।

# पटना में 25 पूजा पंडाल फायर सेफ्टी में फेल

एजेंसी, पटना।

पटना में दुर्गा पूजा को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड में हैं। विभाग खतरनाक और अति संवेदनशील पंडालों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में है। जिले के 389 पंडालों में से 25 फायर सेफ्टी में फेल है। इसे खतरनाक श्रेणी में रखा गया है। संबंधित पूजा समिति को सख्त हिदायत दी गई है। मानकों को अगले दो दिनों में पूरा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे पंडालों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। परपत्र (द) घोषणा पत्र लिया गया है। परपत्र(ध) कार्रवाई के लिए नोटिस देने की तैयारी चल रही है। पूरे पटना को सुरक्षा के दृष्टिकोण से 4 जोन में बांटा गया है। बेहतर कम्युनिकेशन के लिए 800 से अधिक कर्मियों को नया मोबाइल भी दिया गया है।

**खतरनाक पंडालों को दिया गया 2 दिनों का समयः** जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट लगातार पंडालों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अग्निशमन के वाहन खड़े रहेंगे। संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है। जिले में 25 पूजा पंडालों को खतरनाक श्रेणी में रखा गया है। एक से 2 दिनों में गड़बड़ी ठीक करने का निर्देश दिया गया है। गड़बड़ी ठीक नहीं करने पर पंडालों को सील किया जाएगा। 648 कर्मियों को तैनात किया गया है। 96 गाड़ियां



**अग्निशमन विभाग ने 2 दिन का दिया अल्टीमेटम, नहीं सुधरे तो होगा सील**

अलर्ट मोड में रहेंगी। डाकबंगला चौराहा, हनुमान मंदिर, बोरिंग रोड चौराहा, बेऊर मोड़, अनिशाबाद मोड़, सगुना मोड़, गोला रोड टी प्वाइंट, खाजपुरा शिव मंदिर, पुनाइचक, शीतला माता मंदिर, पटन देवी मंदिर, बाढ़ में कचहरी चौक, कांग्रेस मैदान, मसौढ़ी में तरेगना बाजार चौक, रेलवे गुमटी के पास, पालीगंज अनुमंडल कार्यालय के पास, बिहटा में मनेर बाजार थाना के पास, बिहटा चौक गोलंबर के पास केनोपी लगाए जाएंगे।

**भीड़-भाड़ वाली जगहों के लिए कंट्रोल रूमः** लोदीपुर, पटना सिटी, दानापुर, कंकड़बाग समेत पटना को 4 जोन में बांटा गया है। 101 अग्निशमन वाहन और 16 लेटेस्ट बाइक के जरिए मॉनिटरिंग की जाएगी। शहर के प्रमुख 10 भीड़-भाड़ वाली जगहों के लिए कंट्रोल रूम, क्विक रिस्पांस टीम बनाई गई है। आधा किलोमीटर और 100, 200 मीटर की दूरी में होने वाली आग से संबंधित घटना पर तेजी से यह टीम काम करेगी। आग को लेकर प्लानिंग की गई है। बड़े पंडालों में विभाग के कर्मी मौजूद रहेंगे।

**गेमिंग जोन पर पैनी नजरः** मनोज नट ने आगे कहा कि इस बार गेमिंग जोन पर अग्निशमन विभाग की पैनी नजर रहेगा। पंडालों के पास लगने वाले मौत के कुएं, इलेक्ट्रिक गेमिंग, स्ट्रीट फूड को मानकों को पूरा करने पर ही एनओसी दी जाएगी। अग्निशमन विभाग की टीम इस पर विशेष तौर से निगरानी करेगी। सबसे अधिक आग लगने का खतरा और भगदड़ मचने का डर यहीं से होती है।

### पंडाल के लिए मापदंड क्या है?

- सूती कपड़ा, त्रिपाल, फायर प्रूफ कपड़ों से पंडाल बनाए जाएंगे।
- सिंथेटिक कपड़ों और रस्सी का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।
- पंडाल में लगाई जाने वाली कुर्सियों के बीच गैप होना चाहिए।
- पंडाल में दो एग्जिट गेट बनेंगे।
- हवन और दीप की जगह पंडाल से अलग खुले में होना चाहिए।
- हवन कुंड के पास दो ड्राम में पानी भरकर रखा जाएगा।
- पंडाल के अंदर और बाहर कटे-फटे और नंगे तार नहीं होने चाहिए।
- एंट्री और एग्जिट गेट की चौड़ाई भीड़-भाड़ के मद्देनजर होनी चाहिए।
- गेमिंग जोन के लिए मापदंड क्या है?
- रकबा के अनुसार 4 से 6 गेट होना चाहिए।
- वायर कटे-फटे नहीं होने चाहिए।
- इलेक्ट्रिक पैनल के नीचे रबर मैट होना चाहिए।
- जनरेटर और डीजे सेट पंडाल से बाहर लगाए जाएंगे।
- पंडाल के अंदर ठेले पर चाट और कुलचे की दुकानें नहीं होंगी।
- बालू से भरी बाल्टी रखना होगा।
- ड्राम में पानी भरकर रखना है।

## पटना में राइफल-शराब के साथ 6 युवक गिरफ्तार, गुप्त सूचना पर छापेमारी, पुलिस को देखते ही भागने लगा आरोपी, पैर टूटा

**पटना।** पटना में पुलिस ने शराब के साथ 6 युवकों को गिरफ्तार किया है। पूरा मामला नदी थाना क्षेत्र के कच्ची दरगाह के आलमपुर स्थित एक घर का है, जहां पुलिस ने छापेमारी करते हुए 315 बोर का राइफल के साथ 92 बोतल शराब बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए SDPO-1 निखिल कुमार ने बताया कि रविवार की अहले सुबह गुप्त सूचना मिली कि आलमपुर गांव निवासी वीरेंद्र नायक के पुत्र चंदन कुमार अपने कई साथियों के साथ मिलकर अवैध रूप से शराब का कारोबार कर रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम का गठन कर नदी थाना अध्यक्ष राजू कुमार के नेतृत्व में चंदन कुमार के घर पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही कारोबारी शशि भूषण राय के पुत्र सत्य प्रकाश उर्फ सत्या भागने लगा। भागने के क्रम में वह छत पर से कूद गया। जिससे उसके पैर फ्रैक्चर हो गए। आनन-फानन में उसे पुलिस द्वारा फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना एनएमसीएच के लिए रेफर कर दिया गया।

# लालू यादव ने लिखा-रेल की पटरियां न बेच दे NDA

### डिप्टी CM बोले- ये वहीं नेता, जिसने रेलवे में नियुक्ति घोटाला किया, पूरा परिवार बेल पर

एजेंसी, पटना।

आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने रेलवे में बढ़े किराए को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'NDA सरकार ने पिछले 10 साल में रेल किराया बढ़ा दिया है। प्लेटफॉर्म के दाम बढ़ा दिए हैं। स्टेशन बेच दिए हैं। ट्रेनों में जनरल डिब्बे कम कर दिए। बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधा भी बंद कर दी गई, सेफ्टी-सिक्यॉरिटी घटाने पर रोज हादसे हो रहे है। इतना सब कुछ होने के बाद भी सरकार कहती है कि रेलवे घाटे में है। कहीं ऐसा ना हो कि अब रेल की पटरियां ही बेच दें।' लालू के इस बयान पर NDA ने पलटवार किया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बेचने और खरीदने की आदत लालू यादव की है। उन्होंने बहुत कुछ बेचा और खरीदा है। वहीं, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लालू पर रेलवे की रांची और पटना की संपत्ति बेच दी। उन्होंने ही सबसे पहले बेचने और खरीदने का काम किया है। वहीं, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि रेलवे में घोटाले के




कारण उनका पूरा परिवार बेल पर है।

**पूरे परिवार को बेल पर लाकर खड़ा कर दियाः** वहीं डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने लालू यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'राजनीति के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति में लालू की गिनती होती है। रेलवे के अंदर नियुक्ति घोटाले के कारण उन्होंने पूरे परिवार को बेल पर लाकर खड़ा कर दिया है। रेल दुर्घटना पहले जितनी होती थी, आज रेल के अंदर यात्रा सुरक्षित हो गई है।' विजय सिन्हा ने कहा कि कुछ आताताई आतंकवादी, उग्रवादी हैं, जो रेलवे की यात्रा को गलत तरीके से प्रभावित करना चाहते हैं। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा, 'जिस व्यक्ति ने रेलवे की जमीन बेचकर अपनी संपत्ति बनाई हो। रेलवे की संपत्ति को बेचकर अपने परिवार को उन्होंने आगे बढ़ाया, उनपर कई मामले चल रहे हैं। अगर वह व्यक्ति इस तरीके का बयान देता है तो उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है।'

**राजद बोली- लालू ने 90 हजार करोड़ रुपए का मुनाफा कियाः** राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा, 'डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा आपको भी पता है कि लालू यादव ने रेलवे का किराया कम करते हुए 90 हजार करोड़ रुपए का मुनाफा देने का काम किया था। उस समय रेलवे में यात्री सुरक्षा भी बेहतर थी और एक्सीडेंट भी काम होते थे। आज के समय में रेल दुर्घटनाएं भी बढ़ी है। यात्रियों से जो ज्यादा पैसे ली जा रही है, वह दिखता भी है। सच्चाई दिखाया जा रहा है, तो इन लोगों को बेचैनी हो रही है।'

# हाजीपुर में बही 95KM दूर मोकामा में जिंदा मिली महिला

एजेंसी, पटना।

बिहार के सोनपुर में गंगा नदी में बही महिला 95 KM दूर मोकामा में मिली, वो भी जिंदा। वो 24 घंटे तक गंगा की तेज धार से खुद को बचाने के लिए जूझती रही। महिला का नाम प्रमिला देवी (60) है। प्रमिला अपने पति के साथ वैशाली के सोनपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को नवरात्र पर गंगा स्नान के लिए गई थी। दोनों नहाने के दौरान नदी के गहरे पानी में चले गए और तेज धार में बहने लगे। लगभग 24 घंटे बाद मोकामा में लोगों ने प्रमिला को सही सलामत नदी से निकाल लिया। वहीं पति के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। महिला का कहना है कि कि उसे तैरना नहीं आता है। वो गंगा में बहती चीजों के सहारे खुद को बचाती रही और मोकामा में लोगों ने उसे



बचा लिया। पानी में 24 घंटे रहने की वजह से महिला का पूरा शरीर अकड़ गया था। मोकामा के मेकरा गांव के सोनू पहलवान ने बताया वो गंगा किनारे बैठे थे। अचानक उसे एक महिला के चिल्लाने की आवाज आई। सोनू ने दोस्तों के साथ मिलकर नदी में नाव उतारी और आवाज की दिशा में बढ़ चले। सोनू पहलवान ने बताया कि महिला गंगा नदी की बीच धारा में बहती जा रही थी। वह बचाने की गुहार लगाकर बेहोश हो गई थी। महिला को किसी तरह गंगा नदी धारा से खींचकर नाव में चढ़ा लिया।

# पटना में लापता 4 साल के बच्चे का शव मिला

एजेंसी, पटना।

पटना में रविवार सुबह 4 साल के बच्चे का शव नहर से बरामद किया गया। वो शनिवार सुबह से लापता था। परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। शव रामकृष्ण नगर के नजदीक पइन से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान रामकृष्ण नगर निवासी स्व. रितेश कुमार के बेटेहेनरी कुमार (04) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए NMCH भेज दिया है। जांच के लिए घटनास्थल पर FSL टीम को बुलाया गया है। बच्चे की लाश स्कूल यूनिफॉर्म में मिली है। वो शनिवार को अपने नए घर में खेल रहा था और अचानक लापता हो गया। जिस नहर से लाश मिली है, वो घर से 10 मीटर दूर है। चाचा ने कहा कि हेनरी का शव देखकर लगता है कि उसकी हत्या हुई है। मेरी किसी से



दुश्मनी नहीं है, लेकिन आसपास के लोगों पर शक है। किसके मन में क्या चल रहा है, क्या पता। शेखपुरा के बड़बीघा निवासी हेनरी के चाचा प्रभात कुमार पटना के एक प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं। प्रभात कुमार के छोटे भाई रितेश कुमार की मौत हो चुकी है। रितेश की पत्नी और दो बच्चों का भरण-पोषण प्रभात कुमार ही करते हैं। फिलहाल प्रभात कुमार पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के NTPCL कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहते हैं।

# मेहसी से तीन बाल श्रमिक कराये गये मुक्त

### ढाबा व मिठाई दुकान से कराया गया मुक्तःश्रम अधीक्षक

**चा ० भूमि,मोतिहारी ।** श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मेहसी के नेतृत्व में मेहसी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में मेहसी प्रखंड के कुल-02 प्रतिष्ठानों क्रमशः जय माता दी रिपेरिंग सेंटर से 02 बाल श्रमिक एंड ढाबा एवं दायहूत स्वीट्स हॉउस से 01 बाल श्रमिक अर्थात कुल-03 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा, बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त



बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी।

आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मेहसी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, केसरिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चकिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पिपराकोठी,प्रयास संस्था के प्रतिनिधि एवं मेहसी थाना से 04 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैरफिकिंग यूनिट की टीम शामिल रही।

# अंग्रेजी हुकूमत से जल रही मां की दो अखंड ज्योति

एजेंसी, पटना।

पटना में मां दुर्गा का एक ऐसा मंदिर है, जहां अंग्रेजी हुकूमत से दो अखंड ज्योति जल रही है। मां के प्रताप से आज तक यह ज्योति बुझी नहीं है। कोरोना काल में देश के सभी मंदिरों में ताला लग गया, लेकिन इस मंदिर की ज्योति पर कोई असर नहीं पड़ा। पटना के गोलघर के रहने वाले डॉ. विश्वनाथ तिवारी ने साल 1914 में अपने निजी घर में मां की मूर्ति स्थापित कर दो अखंड ज्योति जलाई थी। अब इस मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ गई है। मान्यता है कि हल्दी की 7 गांठ और गुड़हल का 9 फूल चढ़ाने से भी मनोकामना पूरी हो जाती है। पढ़िए गोलघर की अखंड वासनी माता के चमत्कारों की कहानी..।

**घी और तेल की दो अलग-अलग अखंड ज्योतिः** पटना के गोलघर से सटे पार्क रोड में अखंड वासनी माता का दरबार है। लगभग 111 साल पहले स्वर्गीय विश्वनाथ तिवारी नाम के वैद्य ने अपने घर में ही मां के मंदिर की स्थापना की थी। वैद्य ने यह प्रण लिया था कि माता की अखंड ज्योति को कभी बुझने नहीं दिया जाएगा। इस प्रण के साथ स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति के पास आज भी दो अखंड ज्योति लगातार 1914 से जल रही है।

**कोरोना काल में भी नहीं बुझी अखंड ज्योतिः** एक अखंड ज्योति घी और दूसरी सरसो के तेल से जलाई जाती है। मंदिर के पुजारी और मां की सेवा करने के वाले वैद्य के परिवार के लोग ही हैं। वह बताते हैं कि कोरोना काल में भी मां के पास जलने वाली अखंड ज्योति बंद नहीं हुई है। कोई भी परिस्थिति हो मंदिर की ज्योति कभी बंद नहीं होने दी गई है। मंदिर से काफी लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। नवरात्र के समय आम और खास हर कोई माता के दरबार में मत्था टेकने आते हैं। मंदिर घर में बनाया गया लेकिन दर्शन के लिए पूरे पटना से लोग आते हैं। मंदिर से शहर के बड़े-बड़े व्यापारियों, पुलिस पदाधिकारियों, नेताओं का



परिवार जुड़ा है। शहर के बड़े घरों के लोगों का परिवार यहां दर्शन पूजन के लिए आते हैं। माता के दरबार में एकांत में हाजरी लगाने के लिए नवरात्रि में पूरी भीड़ लगती है।

**मन्नत मांगी तो दो बेटियों की नौकरी लग गईः** पटना के नटराज गली के सुनील कुमार ने बताया कि वह साल 2008 से माता के दरबार में आ रहे हैं। मां की कृपा से दो-दो बेटियों की सरकारी नौकरी लग गई है। यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी हुई है। एक बेटी की शादी मनचाहा जगह हुई। उस वक्त से प्रत्येक मंगलवार के दिन दरबार में हाजरी लगाने आते हैं। मां से इतनी आस्था जुड़ी है, जब भी कोई मुश्किल होती है मां का ध्यान करने से हर समस्या का समाधान हो जाता है।

**♦ घर में स्थापित मूर्ति से जुड़ी पटना के लाखों लोगों की आस्था, हल्दी की 5 गांठ से पूरी होती है मन्नत**

**बच्चे नहीं हो रहे थे, पूरी हुई मन्नतः** पिछले 10 वर्षों से मंदिर के बाहर प्रसाद की दुकान लगाने वाले किशोर ने बताया कि शादी के लगभग 8 वर्ष के बाद भी बच्चे नहीं हो रहे थे। अखंडवासनी माता के आशीर्वाद से पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। तब से उनकी आस्था जुड़ी हुई है। आज भी कोई छोटी बड़ी बीमारी होती है तो मां के नाम लेने से ही छू मंतर हो जाता है। बीच में पीलिया की भी शिकायत आई। लेकिन माता से मन्नत मांगने के बाद बीमारी अपने आप ठीक हो गई। वह कहते हैं मां काफी जागृत हैं।

**दर्शन से हर मन्नत हो जाती है पूरीः** पटना की नेहा बताती हैं कि पिछले 5 से 6 साल से माता के दरबार में आ रही हैं। मां के दरबार में आने के बाद एक अलग ही सुकून मिलता है। मेरी भाभी के साथ समस्या आई थी, उस वक्त सवर्गीय अमरनाथ तिवारी बाबा जीवित थे। उनसे मिलकर समस्या बताई थी, जो ठीक हो गई थी। उसके बाद से विश्वास पहले से और अधिक हो गया। तब से लगातार नवरात्र के समय हर दिन आती हूं।

**माता रानी को पसंद है गुड़हल का फूल, हल्दी और सिंदूरः** अखंड वासनी माता को अड़हुल का फूल, हल्दी और सिंदूर काफी प्रिय है। भक्त यहां मनोकमाना पूर्ण के लिए माता को 7 खड़ी हल्दी, 9 अड़हुल के फूल और सिंदूर नवरात्र और प्रत्येक मंगलवार के दिन भेंट करते हैं। मां इस चढ़ावे से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न हो जाती हैं। वैद्य विश्वनाथ तिवारी के पोते विशाल तिवारी उर्फ भोलू मंदिर के मुख्य पुजारी हैं। इनके पिता अमरनाथ तिवारी जब तक जिंदा रहे, माता की सेवा में लगे रहे।

# वकीलों की मांगों को लेकर विधि मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी, पटना।

अधिवक्ता कल्याणार्थ मुद्दों को लेकर रविवार को एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के विधि मंत्री नितिन नवीन से मिलकर एक स्मारक पत्र दिया। विधि मंत्री ने मांगों पर अध्ययन कराने की बात कही है। वकीलों के बैठने के लिए नवनिर्मित एडवोकेट्स एसोसिएशन भवन के लिए बची हुई 3 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि एसी, बिजली आपूर्ति और उपकरण आदि में लगाने के लिए कदम उठाने की मांग की। वहीं इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर बिहार स्टेट बार काउंसिल के सदस्य वरीय अधिवक्ता योगेश चन्द्र वर्मा, वरीय अधिवक्ता कृष्णा प्रसाद सिंह, एस डी यादव और राम जीवन प्रसाद सिंह का प्रतिनिधिमंडल विधि मंत्री से मिला। योगेश चन्द्र वर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित में यदि मांगे नहीं मानी गई तो एक महीने बाद राज्य सरकार के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन करने और न्यायिक कार्यों से अलग रखने का निर्णय लिया जाएगा।

### क्या है प्रमुख मांग

- भवन के रख-रखाव और बिजली आपूर्ति खर्च की जिम्मेदारी सरकार द्वारा उठाने की मांग।
- भवन निर्माण, पुस्तकालय और नई तकनीकी उपकरणों के लिए 5 सौ करोड़ का वित्तीय प्रावधान करने की मांग।
- 1 जुलाई से लागू तीनों नए फौजदारी कानूनों में बिहार के संदर्भ में संशोधन पर विचार करने की मांग।
- नए और वृद्ध वकीलों के लिए मानदेय की व्यवस्था करने की मांग।
- झारखंड की तर्ज पर बिहार में भी पेंशन योजना लागू करने और राजस्थान तथा कर्नाटक के तर्ज पर बिहार में भी एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग।

## संक्षिप्त समाचार

# विश्व गुरु ने दिल्ली जाकर पीएम को सौंपा ज्ञापन

**मामला ग्राम रक्षा दल के जवानों का स्थायी हेतु**

**चाणक्य भूमि जयनगर/मधुबनी।** भारत नेपाल के सीमा पर अवस्थित मधुबनी जिले के अनुमंडल/प्रखंड जयनगर के स्थानीय निवासी विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने देश की राजधानी दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री कार्यालय में बिहार के लाखों ग्राम रक्षा दल के नौजवानों के लिए मानदेय एवं स्थाईकरण की घोषणा कराने हेतु बिहार सरकार को निर्देशित करने, के सम्बन्ध में साथ ही 21 सूत्री मांग पत्र समर्पित कर आवश्यक कारवाई करने, के लिए माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय को आवेदन के माध्यम से 21 सूत्री मांग पत्र लिखकर दिया गया है। श्री राऊत ने मीडिया के माध्यम से कहा कि हमने प्रधानमंत्री से बिहार के लाखों नौजवानों की बेरोजगारी दूर कर बिहार से पलायन रोकने, देश के सभी पंचायत में किसी एक वार्ड को आदर्श वार्ड घोषित करते हुए पूर्ण विकसित करने, देश स्तर पर सभी परिवारों को रोजगार मुहैया कराने, एक यूनिक कार्ड के आधार पर सभी सरकारी सुविधा देने की व्यवस्था करने, देश के सभी दस एकड़ से अधिक पोखरा को मिथिला हाट की तर्ज पर विकसित करने, मुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य, विधान पार्षद, जिला परिषद अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख का चुनाव सीधा जनता के माध्यम से कराने और देश के सभी मतदाताओं को 01 से 10 वृक्ष लगाने की अनिवार्य कर बच्चों की तरह पालन पोषण करने ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके, लोकतंत्र का जो भी चुनाव है एक साथ कराने, पटना मरीन ड्राइव के तर्ज पर जयनगर कमला बराज से डोरबार, खैरामाठ दोनो साइड होते हुए सुक्की साइफन तक विकसित करने, वर्षों से प्रतीक्षारत स्वीकृति योजना सीतामढ़ी जयनगर, लौकहा होते हुए निर्मली तक रेल लाइन शीघ्र पूरा करने, एक ही मतदाता सूची के आधार पर सभी चुनाव संपन्न कराने, एक देश एक पाठ्यक्रम एक मूल्य, पूरे देश में स्कूल की एक किताब होनी चाहिए, ताकि प्राइवेट स्कूलों की किताबें की कालाबाजारी बंद हो सकें, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सड़क को दोहरीकरण करने, मधुबनी जिले के जयनगर शहीद चौक पर ऊपरी पुल का निर्माण कराने, सड़क, शिक्षा, स्कूल, कॉलेज, बिजली, पानी नल जल, नाला, जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ करने सहित 21 सूत्री मांगपत्र प्रधानमंत्री कार्यालय में समर्पित किए हैं। श्री राऊत ने उम्मीद जताई है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशहित, समाजहित एवं राष्ट्रहित में संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करेंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

# बीडीसी सदस्य ने बाढ़ पीड़ितों को राहत मुहैय्या कराने की मांग की

**चा० भूमि,मोतिहारी।** क्षेत्र संख्या 03 के सरेया पूर्वी चंपारण के पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी ने अंचल अधिकारी बंजरिया पूर्वी चम्पारण को पत्र लिख कर क्षेत्र के बाढ पीड़ितों को सहायता तथा अनुदान मुहैया कराने की मांग की है।उल्लेखनीय है कि पूरा अंचल लगभग बाढ़ विभिषीका से बुरी तरह प्रभावित है। ग्राम पंचायत रोहिनिया के ग्राम रोहिनिया, कुकुरजरी, बेलाडिह तथा फुलवार दक्षिणी पंचायत के ग्राम सेमरहिया, वृत गम्हरिया और चितठों के किसानो और मजदूरो की कमर टूट गयी है। किसानों का बाढ़ के पानी से क्षति होने के कारण एक छटाक धान भी उनके घरो में नहीं जा सका है। अगहनी धान के गाभा में बाढ़ का पानी फैलने के कारण किसान मजबूर है। मजदुर मजदूरी के आभाव में बिलख रहे है। पशु पालक चारा लाने में असफल है जिससे पशुओं को भी रखना मुश्किल है। ग्रामीणो को मुख्यालय पहुच कर चिकित्सा कराने में भी काफी परेशानी है, जिससे वे भगवान भरोसे जीने को मजबूर है।

# बगहा पुलिस ने वाहन जांच में दौरान 410 लीटर अंग्रेजी शराब को किया जप्त

**» केला लदे पीकअप भान मे नीचे छुपा कर ले आ रहे अंग्रेजी शराब बरामद चालक हुआ गिरफ्तार**

**चा० भूमि स. सूत्र।** बगहा के नदी थाना पुलिस ने शनिवार को नैनहा ढाला चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान धनहा की ओर से आ रही केला लोडेड एक पिकअप वैन से जांच के दौरान केले के नीचे शराब की बड़ी खेप को जप्त किया। चालक द्वारा केले के नीचे शराब छुपाकर रखी गई थी। पुलिस ने शराब के साथ पिकअप वैन को भी जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है । इस सम्बंध में नदी थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि शनिवार को नैनहा ढाला पुलिस चेकपोस्ट पर सघन वाहन जांच किया जा रहा था उसी क्रम में धनहा की ओर से आ रही एक पिकअप वैन जिसमें केला लोड किया गया था। जब गहनता पूर्वक जांच किया गया तो केले के नीचे विदेशी शराब की बड़ी खेप छुपाकर लाई रखी गई थी। गिरफ्तार चालक की पहचान मोतिहारी जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम प्रसुरामपुर निवासी अरुण यादव के पुत्र पिंटू यादव के रूप में हुई है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार चालक को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# सीएसपी संचालक से लूट का मामला निकला फर्जी

**» 5 लाख रुपए लूट की गलत शिकायत पर पुलिस ने सूचक को किया गिरफ्तार**

**चा० भूमि बेतिया।** शनिवार को चनपटिया थाना अंतर्गत सीएसपी संचालक का कर्मचारी अजय पासवान (बभनैया टोला,ग्राम पोखरिया राज) द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि इनसे 5 लाख रुपए लूट लिए गए है। सूचना के पश्चात बेतिया पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सूचना सत्यापन के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में चनपटिया थाना टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंच कर निरीक्षण किया गया। पुलिस द्वारा निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगो से पूछताछ की गई जिसमे जानकारी प्राप्त हुई कि वहाँ दो गुटों के मध्य मारपीट की घटना की पुख्ता जानकारी मिली। जाँच के दौरान पाया गया कि सूचक अजय पासवान इन्ही में एक गुट का मौसेरा भाई है।मारपीट के क्रम में सूचक अजय पासवान को भी चोट आई है। विपक्षी गुट पर दबाब डालने हेतु सूचक द्वारा पुलिस को गलत सूचना दी गई। जिसके बाद लोक सेवक को अपने कर्तव्य निष्पादन में व्यवधान करने, जानबूझ कर झूठी जानकारी देने जैसे अपराध का झूठा आरोप लगाने के जुर्म में सूचक अजय पासवान के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कांड दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# बाढ़ से बेहाल पीड़ित किसानों को बिना देरी पहुंचाए मदद - मंटू यादव

**चा ० भूमि,मोतीहारी।** पूर्वी चम्पारण के किसान बाढ़ से बेहाल हैं, ऊपर से बैंक और महाजन से लिए गये कर्ज़ उनपर दुगुनी मार पड़ रही हैं, बिहार सरकार के दोहरा रवैया से आज किसान मरने के कगार पर पहुंच गए है बाढ़ के कारण जिलेवासियों में त्राहिमाम मचा हुआ है। बाढ़ पीड़ित दाने-दाने को तरस रहे हैं किसानों की हालत दयनीय होती जा रही है। लेकिन सरकार के नुमाइंदे जिला प्रशासन के आगे समर्पन कर चुकी है। आपदा को देखते हुए सरकार जिले के किसानों का सभी प्रकार का ऋण माफ करते हुए रोजी रोजगार का अवसर बढ़ाये। केंद्र की मोदी व बिहार में डबल इंजन की सरकार सिर्फ वादा कर अपने वादे से मुकर जाती है।जबकि बिजली बिल के नाम पर 1.30 लाख रुपये खर्च प्रतिमाह हो रहे हैं।यह दुखद है।बिजली प्रीपेड मीटर सिस्टम खत्म करे सरकार, वही "मध्यप्रदेश में किसानों को धान की कीमत 2500 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी। जबकि बिहार में किसानों को महज 1700 रुपए मिल रही है।बिहार सरकार भी जल्द से जल्द किसानों के कर्ज माफी की घोषणा करे और धान का एमएसपी 2500 रूपय तय करे।अगर राज्य सरकार किसानों के हित में निर्णय नहीं लेती है तो किसानों को साथ लेकर कार्यकर्ता आंदोलन शुरू कर देंगे उक्त जानकारी जिला राजद किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंटू यादव ने दी।

# शारदीय नवरात्र को लेकर पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

चाणक्य भूमि,वाल्मीकिनगर



शारदीय नवरात्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाये रखने के लिए पुलिस सक्रिय नजर आ रही है। शनिवार की देर शाम पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। जिसके माध्यम से आम जनता से अपील की गई कि शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने लोगो से कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। साथ ही यदि कहीं अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हों या को कोई व्यक्ति अवैध गतिविधियों में संलिप्त हो तो संबंधित थाने में जरूर बताएं। पुलिस का पैदल मार्च वाल्मीकिनगर के विभिन्न इलाकों से गुजरा और लोगों को पूजा में शांति व भाईचारे का पैगाम दिया। इस दौरान लोगों से पूजा में अमन व चैन का माहौल बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई।

पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों से शारदीय नवरात्र को खुशीपूर्वक मनाने की अपील की और दूसरे धर्म व संप्रदाय के की भावनाओं का भी सम्मान करने की अपील की। अधिकारियों ने इस दौरान असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते अगला हुए कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की खलल डालने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न

स्तरों पर प्रशासनिक तैयारी की गयी है। सभी चौक-चौराहों पर पुलिसबलों व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति होगी। महिला पुलिस की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

# हिंदुत्व की बिचार धारा को फैलाने के लिये आरएसएस ने गणवेश में किया नगर परिभम्रण



चाणक्य भूमि बेतिया/मझौलिया

**» संचलन में उमड़ी स्वयसेवकों की भीड़**

रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में एक विशाल मार्च बेतिया शहर में निकाला गया।स्थापना दिवस पर गणवेश में स्वम सेवको ने राज देवड़ी से मार्च शुरू किया जो लाल बाजार ,जंगी मस्जिद ,इलम राम चौक आदि क्षेत्रों से होते हुए पुनः राजदेवड़ी में एक नुक्कड़ सभा मे तब्दील हो गया।यहाँ जिला संघ चालक मयंकेश्वर प्रसाद ने कहा कि प्रतिवर्ष दशहरा के दिनों में घोष के ताल पर कदम से कदम मिलाकर संचलन किया जाता है।इसी दिन वर्ष 1925 में आर एस एस की स्थापना हुई थी।यह संचलन संघ के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है।डॉ. मोहनिश सिन्हा ने कहा किसंगठन का उद्देश्य हिंदू समुदाय को "मजबूत" करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना है। और भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यतागत मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना है। दूसरी ओर, आरएसएस को "भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित" के रूप में वर्णित किया जाता है।संचलन को सफल बनाने में नगर संघ संचालक बसंत राव भुसारी,सह नगर संचालक रजत मोटानी,कृष्णा पासवान, नीतीश कश्यप, संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, चुन्नू श्रीवास्तव, मझोलिया के मंजीत श्रीवास्तव आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# अब बिहार मे राजस्व चोरी रोकेगी " रेवेन्यू प्रोटेक्शन फोर्स "

चा० भूमि खगड़िया



**» " रेवेन्यू प्रोटेक्शन फोर्स " करेगी बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्रालय का सहयोग, अब नहीं कर सकेंगे लोग राजस्व की चोरी - डॉ अरविन्द वर्मा**

बिहारी पॉवर ऑफ इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष डॉ अरविन्द वर्मा ने बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्रालय के सहयोग करने के उद्देश्य से " रेवेन्यू प्रोटेक्शन फोर्स " की स्थापना की है जो पूरे बिहार के विभिन्न प्रखंडों का सर्वे करेगी और बिहार सरकार के राजस्व की चोरी करने वालों की सूचना सीधे राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल को देगी ताकि विभागीय अधिकारियों से जांच कराने के उपरान्त विधि सम्मत कराई जा सके। बिहारी पॉवर ऑफ इंडिया के रेवेन्यू प्रोटेक्शन फोर्स से जुड़े युवक एवं युवतियों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ साथ विभागीय विशेषज्ञों द्वारा सरकारी नियमों एवं कानूनों की जानकारी भी समय समय पर दिलाई जाएगी। रेवेन्यू प्रोटेक्शन फोर्स में कार्य करने वाले युवक युवतियों की शारीरिक, शैक्षणिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास से संबंधित जानकारियां भी यथासमय अपने अपने क्षेत्रों में निपुणता हासिल करने वाले विशेषज्ञों द्वारा दिलाई जाएगी।

बिहारी पॉवर ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने मीडिया से कहा रेवेन्यू प्रोटेक्शन फोर्स की रुपरेखा एवं गाईड लाईन हेतु विशेषज्ञों से शीघ्र विचार विमर्श की जायेगी।

# तांती-तातवा आरक्षण वापसी की लड़ाई की जारी

चाणक्य भूमि गौनाहा

**» "हाको रथ, हम पान है" आंदोलन का शुरुआत भीतिहरवा गाँधी आश्रम से किया गया**



हॉको रथ, हम पान है, आंदोलन का शुभारंभ रविवार को तांती, ततवा समाज के लोगों ने आरक्षण वापसी को लेकर भितिहरवा गांधी आश्रम से की। इस मौके पर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय पान महासंघ के जिला अध्यक्ष शिव बालक त्यागी ने की। जबकि मंच का संचालन पान समाज के संगठन महामंत्री श्याम सुंदर त्यागी ने कि। सभी 38 जिले से आये समाज के जिलाध्यक्षों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पहुंचे अखिल भारतीय पान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आईपी गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष रामशक्ल दास व महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरामणी देवी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ई आईपी गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह बापू की कर्मभूमि है। मोहनदास करमचंद गांधी को पं राजकुमार शुक्ल के अथक प्रयास से बिहार व चंपारण की धरती पर लाए। यही से किसानों पर हो रहे अत्याचार की लड़ाई गांधी ने लड़ी। यहां के लोगों ने उन्हें मोहनदास करमचंद गांधी से महात्मा गांधी बना दिया। उसी आंदोलन की उपज डॉ राजेन्द्र प्रसाद, प्रचार्य जेपी कृपलानी आदि हुए। यही कारण है कि बिहार के पान समाज के लोग महात्मा गांधी की एतिहासिक भितिहरवा गांधी आश्रम से अपनी रथ यात्रा के माध्यम से पुरे बिहार में पान जाति को जागरुक कर अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने जा रही है। उन्होंने अपने संबोधन में सभी पार्टियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सबसे पहले तांती, ततवा जाति को कांग्रेस ने ठगा। उसने कभी पान समाज को आरक्षण का लाभ नही दिया। लालू ने तीन माह के लिए तांती ततवा को पान समाज में शामिल कर उसे आरक्षण का लाभ दिया था। परंतु उसे बाद मे खत्म कर दिया। उसके बाद नीतीश ने नौ साल तांती, ततवा को आरक्षण का लाभ देकर कोर्ट के आदेश के उपरांत पुनः आरक्षण समाप्त कर दी। सबसे ज्यादा नीतीश सरकार ने समाज को ठगा है। भाजपा पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने भी पान समाज को ठगा है। यही कारण है कि पान समाज रथ यात्रा के माध्यम से पुरे बिहार के 38 जिलों का भ्रमण कर पान समाज को जगाने का काम करेगी। वर्ष 2025 का मुख्यमंत्री पान समाज के सहयोग से ही बनेगा। अगले विधानसभा चुनाव मे पान समाज उसी को अपना वोट देगी जो पान समाज को पुनः आरक्षण का लाभ दिलाऐगी। प्रदेश अध्यक्ष रामशक्कल राम ने अपने संबोधन में कहा कि रथ यात्रा का शुभारंभ 6 अक्टूबर को भितिहरवा गांधी आश्रम से शुरू हुआ है। जो बिहार के 12 जिलों मे अलग-अलग महारैली कर पान समाज को जगाने का काम करेगी। इसका समापन 23 मार्च को पटना के गांधी मैदान में होगा। अन्य वक्ताओं मे दिनेश राम, संम्भु दास, भितिहरवा मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो, पुरण दास आदि उपस्थित थे।

# लौरिया में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



चा० भूमि लौरिया

राजद पंचायती प्रकोष्ठ के राज्य स्तरीय बैठक पटना के बापु सभागार में आगामी तेईस अक्टूबर को आयोजित है इसी बैठक को सफल बनाने के लिये पश्चिम चंपारण से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति हेतु यह बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव ने की।

पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज यादव कहा की बैठक में पशिचम चंपारण की दमदार उपस्थिति रहेगी। इसके लिए हर प्रखंड में कार्यकर्ताओं की बैठक की जा रही है। वही पप्पू मिश्रा ने बताया की विधानसभा चुनाव को लेकर राजद अपने हर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर समीक्षा की जा रही है।

बैठक के दौरान ही मनोज यादव ने योगापट्टी पंचायती प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में देवेन्द्र सिंह नरकटियागंज प्रखंड हेतु विपीन यादव एवं गौनाहा प्रखंड हेतु जीतेन्द्र यादव को मनोनीत करते हुए संगठन के मजबुती एवं विस्तार हेतु जवाबदेही सौंपी है। बैठक में राजद के प्रधान महासचिव मनोहर ठाकुर रीतेश कुमार गोड लाल मिश्रा महफुज आलम समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षा पदाधिकारी ने भ्रष्ट शिक्षक को किया निलंबित

चा० भूमि नरकटियागंज



**» क्या यह अकेला मामला है या अन्य विद्यालयों में भी हुई है, इस तरह की अवैध वसूली यह जाँच का विषय है?**

प्लस टू विद्यालय कुकरा के प्रधान शिक्षक मोतीलाल साह पर छात्रों से पंद्रह सौ रुपया रजिस्ट्रेशन के नाम पर अवैध उगाही विद्यालय के बाबजूद 176 छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाकर छात्रों और अभिभावकों ने शनिवार को स्कूल में हंगामा किया था और स्कूल में ताला लगाकर 22 शिक्षकों को बंधक बना लिया था। जिसके बाद मौके पर पहुंच कर पुलिस ने लोगों को शांत कराकर शिक्षको को मुक्त कराया था। इसमें कहीं ना कहीं शिक्षा विभाग की लापरवाही भी सामने आयी थी। आखिर जब विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ तब विभाग ने पहले जाँच क्यूँ नहीं की।

मामला मीडिया मे आने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आनन-फानन में मामले की जाँच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उमेश कुमार से कराकर प्लस टू विद्यालय कुकरा के प्रधान शिक्षक को निलंबित कर अपने विभाग की लापरवाही को छुपाने का कार्य किया है।माना जा रहा है कि अगर इसकी गहनता से जाँच हो तो अवैध उगाही का मामला अधिकाँश विद्यालयों में पाया जा सकता है पर सवाल यह है कि इनके भ्रस्टाचार की जाँच आखिर करेगा कौन।

हालाँकि जिलाधिकारी के संज्ञान में मामला आने के बाद जिलाधिकारी ने इसपर सख्त कदम उठाते हुये कारवाई की बात कही है।उन्होंनें कड़ी फटकार लगाते हुये कहा है कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों को किसी हाल में बक्शा नहीं जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी को छात्रों का रजिस्ट्रेशन हर हाल में कराना होगा।

# भ्रष्टाचार का हुआ पर्दाफाश रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी का वीडियो हुआ वायरल

चाणक्य भूमि बगहा



बगहा के ठकराहा अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें राजस्वकर्मी जगई राम खुलेआम रिश्वत लेते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड किया गया, जिसमें राजस्वकर्मी ने भूमि से जुड़े दस्तावेज़ों का काम कराने के लिए 500 रुपये की मांग की। वीडियो के सामने आने से अंचल कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल

वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति, जो अपने भूमि के दस्तावेज़ संबंधी काम के लिए कार्यालय पहुंचा था, उसने जगई राम से बातचीत शुरू की। बातचीत के दौरान कर्मचारी जगई राम ने "माल द, माल द" (पैसा दीजिए) कहकर 500 रुपये की मांग की। जब व्यक्ति ने पहले 100 रुपये देने की कोशिश की, तो कर्मचारी ने इसे अस्वीकार कर दिया। लेकिन थोड़ी देर बाद वही 100 रुपये अटॉर्नी के माध्यम से स्वीकार कर लिए गए। बात यहीं खत्म नहीं हुई। इसके बाद कर्मचारी ने और पैसे की मांग की, जिसके बाद व्यक्ति ने 100 रुपये और दिए। यह रकम लेने के बाद, कर्मचारी ने काम करने का आश्वासन दिया और दस्तावेज़ तैयार करवाए। इसके साथ ही, व्यक्ति ने कहा कि "दही खिलाएंगे", जिस पर कर्मचारी हंसते हुए तैयार हो गए।

वीडियो के अंत में, जगई राम अपने अटॉर्नी से बात करते हैं, कुछ नंबर नोट करते हैं और व्यक्ति को दस्तावेज़ सौंपते हुए कहते हैं कि "ऑफिस में जाइए और कहिए हकीम भेजे हैं।" यह पूरी बातचीत और कार्रवाई राजस्व कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है, जहां बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा।

इस विषय पर ठकराहा अंचल के सीओ सुमित राज ने कहा कि वीडियो की सत्यता की जांच की जाएगी। अगर वीडियो में सच्चाई है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा है कि जब से सर्वे का काम आया है तब से लोगों का भीड़ अंचल कार्यालय में बढ़ गया है। लोग तरह-तरह की कागज का डिमांड कर रहे हैं।

# रोटरी ने चनपटिया में चलाया स्वच्छता अभियान

**» स्वच्छता ही सेवा हैः सुजय कुमार**

**» इनरव्हील क्लब महिला सदस्यों की रही भागीदारी**

चाणक्य भूमि, बेतिया



**बेतिया।** रोटरी क्लब बेतिया सेन्ट्रल एवम इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वाधान में हैप्पी स्कूल के लिए अधिग्रहित स्कूल राजकीय कृत उत्तक्रमित विद्यालय, खाशुआर, चनपटिया ब्लॉक,में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। रोटरी अध्यक्ष सुजय कुमार सिन्हा एवम इनर व्हील की अध्यक्षा श्रीमती रंजना गोयल ने राष्टपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। उसके बाद सभी सदस्य एवम सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं ने पुष्प अर्पित किया। सदस्यों ने बच्चो के साथ मिलकर स्कूल प्रांगण को साफ किया। पूर्व अध्यक्ष इकबाल रजा ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि हमे स्वस्थ रहने के लिए साफ सफाई पर ध्यान देना चाहिए।

इनर व्हील अध्यक्षा श्रीमती रंजना गोयल बच्चो के बीच साबुन का वितरण किया। और कहां की खाने के पहले और शौचालय से आने के बाद साबुन से जरूर हाथ धोना चाहिए ।

इस अवसर पर रोटरी क्लब से देवर्रिषि शरण, अभिनव दत्त त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष शीला रंजन एवम इनर व्हील क्लब से रंजना गोयल, पम्मी सिन्हा, इंद्रा पोद्दार,मझोलिया आरसीसी की श्रीमती कनकलता उपस्थित रहे।

# आकर्षण का केंद्र बना पुरशोतीमपुर में जागरण कार्यक्रम

चाणक्य भूमि(नानोसती)



**नानोसती।** नवयुवक दुर्गा पूजा समिति पुरुषोत्तमपुर वार्ड नंबर 10 में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।ग्रामीणों की खूब भीड़ जुट रही है। मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथिहरेंद्र कुशवाहा के साथ पूजा समिति के सदस्यों ने फीता काटकर किया। बता दे की नवरात्रि को लेकर प्रखंड क्षेत्र में सभी जगह मां भवानी के पूजनोत्सव की धूम है। कही ढोल नगाड़े तो कही तरह-तरह के कार्यक्रमों से भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । मझौलिया प्रखंड क्षेत्र में हर साल की भाती इस साल भी दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। पूजा समिति के मुख्य संयोजक उमाशंकर केसरी,हरिशंकर केसरी,पंकज केसरी,हरिद्र कुशवाहा,राजू कुशवाहा,जगत नारायण केसरी,रवि कुमार,सूरज कुमारअमित केसरी,सेवक लाल शाह,रमाकांत केसरी,सिकंदर केसरी,शिवपूजन शाह,अनीता केसरी आदि का उल्लेखनीय योगदान है।

# मुकाबला ड्रॉ रहने के बावजूद मुंबई ने 27 साल बाद जीता ईरानी कप का खिताब

एजेंसी, लखनऊ



अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने ईरानी कप 2024 का खिताब जीत लिया है। मुम्बई की टीम ने 27 साल के बाद यह ट्रॉफी अपने नाम की है। रेस्ट ऑफ इंडिया और मुबई के बीच लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया यह मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन मुंबई की टीम ने पहली पारी में बढ़त के हिसाब से जीत हासिल कर ली। मुम्बई की जीत के हिरो सरफराज खान रहे, जिन्होंने पहली पारी में दोहरा शतक लगाते हुए नाबाद 222 रन बनाए थे।

सरफराज को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। मुकाबले में रेस्ट ऑफ इंडिया ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। मुम्बई की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। मुम्बई ने अपनी पहली पारी में 537 रन बनाए। मुम्बई के लिए पहली पारी में सरफराज खान सबसे बड़े हीरो साबित हुए। मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए नाबाद दोहरा शतक लगाया। उन्होंने 286 गेंदें खेलते हुए 222 रन बनाए और अपनी पारी में 25 चौके और 4 छक्के जड़े। सरफराज के अलावा कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 234 गेंदों में 97 रन बनाए। तनुश कोटियान ने 124 गेंदों में 64 रन, श्रेयस अय्यर ने 57 रन और शार्दुल ठाकुर ने 36 रन बनाए। इनके अलावा पृथ्वी शॉ 4 रन, आयुष मातरे 19, शम्स मुलानी ने 5 रन का योगदान दिया।

रेस्ट ऑफ इंडिया की ओर से मुकेश कुमार ने 5 विकेट, यश दयाल, प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट और सारांश जैन ने एक विकेट लिया। इसके बाद रेस्ट ऑफ इंडिया की पहली पारी 416 रन पर ढेर हो गई। इससे पहली पारी के आधार पर मुंबई को 121 रनों की बड़ी लीड मिल गई। पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया के लिए अभिमन्यु ईश्वरन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 292 गेंदों का समाना करते हुए 191 रन बनाए। ईश्वरन ने अपनी पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाया। अभिमन्यु के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने 121 गेंदों में 93 रन बनाए। इनके अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 9 रन, साई सुदर्शन ने 32 रन, देवदत्त पडिक्कल ने 16 रन, ईशान किशन ने 38 रन और मानव सुथार ने 9 रन बनाए। मुम्बई की ओर से पहली पारी में तनुश कोटियान और शम्स मुलानी ने 3-3 विकेट लिया।

मोहित अवस्थी ने दो विकेट और एम जुनैद खान ने एक विकेट लिया। इसके बाद मुंबई की टीम दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी। टीम ने दूसरी पारी में 8 विकेट के नुकसान के साथ 329 रन बना दिए। खेल के पांचवें दिन शनिवार को मुंबई का स्कोर दूसरी पारी में आठ विकेट पर 329 रन था। इसके बाद दोनों टीमों ने मैच को समाप्त करने का फैसला किया। इस तरह मुम्बई ने पहली पारी में बढ़त के हिसाब से जीत हासिल कर ली। मुंबई के लिए दूसरी पारी में तनुष कोटियान ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 150 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 114 रन बनाए।

## सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा

एजेंसी, नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने रविवार को मलेशिया में होने वाले सुल्तान ऑफ जोहोर कप के 12वें संस्करण के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। टीम का कप्तान आमिर अली को बनाया गया है, जबकि रोहित उप कप्तान होंगे। पूर्व दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का बतौर मुख्य कोच यह पहला दौरा होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगी। इसके बाद भारतीय टीम का सामना ग्रेट ब्रिटेन से 20 अक्टूबर को, मेजबान मलेशिया से 22 अक्टूबर को, ऑस्ट्रेलिया से 23 अक्टूबर को और न्यूजीलैंड से 25 अक्टूबर को होगा। शीर्ष दो टीमें 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय हॉकी टीम के लिए खेला और भारत को अपना खिताब बरकरार रखने में मदद की।

आमिर ने टूर्नामेंट में चोटिल डिफेंडर संजय की जगह बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि गुरजोत ने सभी मैचों में फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व किया और अपार क्षमता दिखाई। कप्तान आमिर अली ने हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा, "सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।

यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए एक टेस्ट के रूप में काम करेगा। सभी खिलाड़ी मलेशिया में खेलने के लिए उत्साहित हैं।" उप कप्तान रोहित ने कहा कि पूरी टीम आगे बढ़ने के लिए बेताब है। पीआर श्रीजेश भारत के लिए खेलने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और हम अपने पहले टूर्नामेंट में उन्हें गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं। हम सुल्तान जोहोर कप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करके इसका लाभ उठाना चाहते हैं।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम

**गोलकीपर-** बिक्रमजीत सिंह, अली खान

**डिफेंडर्स-** आमिर अली (कप्तान), तालेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुखविंदर, अनमोल एक्का, रोहित (उप कप्तान)

**मिडफील्डर्स -** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, चंदन यादव

**फॉरवर्ड्स -** गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मो. कोनैन डैड।

## अम्पायरिंग-स्कोरिंग परीक्षा परिणाम में 14 प्रतियोगी उत्तीर्ण

**नेहा, खुर्शीद, आशीष और आरिफ को दोहरी सफलता**

एजेंसी, प्रयागराज



नेहा श्रीवास्तव खुर्शीद अहमद राईन आशीष सिंह आरिफ सिद्दीकी

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा गत माह आठ सितम्बर को आयोजित डिस्ट्रिक्ट पैनल अम्पायरिंग एवं स्कोरिंग परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। दोनों परीक्षा में सात-सात प्रतियोगी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें नेहा श्रीवास्तव, खुर्शीद अहमद राईन, आशीष सिंह और आरिफ सिद्दीकी ऐसे प्रतियोगी हैं जो दोनों परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित हुए हैं। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा के अनुसार परीक्षा के पर्यवेक्षक वाराणसी के राज्य पैनल अम्पायर आरपी गुप्ता ने उत्तर पुस्तिका जांचने के बाद जिन प्रतियोगियों को उत्तीर्ण घोषित किया है, उसमें अम्पायरिंग परीक्षा में नेहा श्रीवास्तव, खुर्शीद अहमद राईन, आशीष सिंह, आरिफ सिद्दीकी, सिद्धार्थ कृष्ण रावत, मोहसिन अली और अजय कुमार एवं स्कोरिंग परीक्षा में नेहा श्रीवास्तव, खुर्शीद अहमद राईन, आशीष सिंह, आरिफ सिद्दीकी, उमंग मिश्र, मोहम्मद सैफ एवं हितेश कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। सभी को इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक ताहिर हसन, आरपी भटनागर, डॉ. सुरेश द्विवेदी, एसडी कौटिल्य, यासर हसन, डॉ.जूली ओझा एवं एलबी काला, सोमेश्वर पांडेय ने बधाई दी है।

## टेम्बा बावुमा चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मैच से बाहर हुए

एजेंसी, अबू धाबी

दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा बायीं कोहनी में चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मैच से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। प्रोटियाज मेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 34 वर्षीय खिलाड़ी बावुमा को शुक्रवार को दूसरे वनडे के दौरान दक्षिण अफ्रीका की पारी के 12वें ओवर में नॉन-स्ट्राइकर एंड पर डाइव करते समय कोहनी में चोट लगी थी। चोट के कारण वह फील्डिंग नहीं कर पाए। बावुमा मंगलवार को टीम के बाकी सदस्यों के साथ स्वदेश लौटेंगे और विशेषज्ञ से परामर्श करेंगे। उनकी चोट की गंभीरता के बारे में जानकारी समय पर दी जाएगी। रीजा हेंड्रिक्स को उनके प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है। प्रोटियाज मेन ने आगे बताया कि सोमवार को होने वाले सीरीज के आखिरी मैच में रासी वैन डेर डुसेन टीम की कप्तानी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका, जिसने पहले ही यह तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है, उसे ऑलराउंडर वियान मुल्डर की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी, वह व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश लौट चुके हैं।

## मनोज सिंह का चमका बल्ला, फाइन सिटी ने जीता मैच, सीआईडी और लखनऊ स्ट्रीकर की भी हुई जीत

एजेंसी, लखनऊ



नन्द लाल कार्पोरेट चैंपियनशिप में तीन लीग मैच खेले गये। पहले मैच में फाइन सिटी ने राइजिंग स्ट्रीकर को 34 रन से हरा दिया। इस मैच में फाइन सिटी के मनोज सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 64 रन बनाये। वहीं दो अन्य मैचों में सीआईडी और लखनऊ स्ट्रीकर ने मैच जीते। फाइन सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट गवांकर 145 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अनुराग सिंह शून्य पर ही पवेलियन लौट गये। वहीं सैयद ने 19 रन और अहमद मुस्तफा ने 12 रन का योगदान दिया। सर्वाधिक मनोज सिंह ने 4 चौका और एक छक्का की मदद से 50 बाल पर 64 रन बनाये। राइजिंग स्ट्रीकर की पूरी टीम 111 रन बनाकर आउट हो गयी और फाइन सिटी ने 34 रन से मैच जीत लिया। राइजिंग स्ट्रीकर की टीम में सर्वाधिक 24 रन अजय द्विवेदी ने बनाये।

एसएसआईपीएल और सीआईडी के बीच हुए मैच में एसएसआईपीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाये। अपनी टीम में सर्वाधिक गोपाल यादव ने 15 रन बनाये। वहीं सीआईडी की टीम ने मात्र एक विकेट गवांकर 79 रन बना लिये और मैच को नौ विकेट से जीत लिया। अपनी टीम में सर्वाधिक शैलेंद्र सिंह ने 34 रन बनाये। विंग्स आफ फायर और लखनऊ स्ट्रीकर के बीच हुए मैच में विंग्स आफ फायर ने 119 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज मनीष सिंह मात्र सात रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं रतनदीप ने अपनी टीम में सर्वाधिक 48 रन बनाये।

# व्यापार

## टॉप 10 में शामिल देश की 9 कंपनियों के मार्केट कैप में 4.75 लाख करोड़ की बड़ी गिरावट

**एक सप्ताह में रिलायंस का मार्केट कैप 1.88 लाख करोड़ से ज्यादा गिरा**

एजेंसी, नई दिल्ली



सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 9 के मार्केट कैप में करीब 4.75 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। मार्केट कैप में गिरावट होने के मामले में सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,88,479.36 करोड़ रुपये घट कर 18,76,718.24 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 72,919.58 करोड़ रुपये कम हो कर 12,64,267.35 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा भारती एयरटेल का मार्केट कैप 53,800.31 करोड़ रुपये घट कर 9,34,102.32 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 47,461.13 करोड़ रुपये घट कर 8,73,059.59 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

इसी तरह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 33,490.86 करोड़ रुपये घट कर 6,14,125.65 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 27,525.46 करोड़ रुपये कम होकर 6,69,363.31 करोड़ रुपये, आईटीसी का मार्केट कैप 24,139.66 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,29,695.06 करोड़ रुपये, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 21,690.43 करोड़ रुपये घट कर 15,37,361.57 करोड़ रुपये और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 5,399.39 करोड़ रुपये कम होकर 7,10,934.59 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान टॉप 10 कंपनियों में से सिर्फ एक कंपनी इंफोसिस के मार्केट कैप में ही बढ़ोतरी हो सकी। इस सप्ताह के दौरान इंफोसिस का मार्केट कैप 4,629.64 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,96,527.08 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,76,718.24 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 15,37,361.57 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,64,267.35 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,34,102.32 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,73,059.59 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 7,96,527.08 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,10,934.59 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 6,69,363.31 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 6,29,695.06 करोड़ रुपये) और एलआईसी (कुल मार्केट कैप 6,14,125.65 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## अक्टूबर शुरू होते ही सेलर बने विदेशी निवेशक, 3 दिन में की 27,142 करोड़ की बिकवाली

एजेंसी, नई दिल्ली




सितंबर में घरेलू शेयर बाजार में जोरदार खरीदारी करने के बाद अक्टूबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पूरी तरह से बिकवाल (सेलर) की भूमिका में नजर आ रहे हैं। अक्टूबर में अभी तक सिर्फ तीन दिन ही कारोबार हुआ है। इन तीन दिनों में ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बिकवाली करके भारतीय शेयर बाजार से 27,142 करोड़ रुपये की निकासी कर ली है। माना जा रहा है कि मिडिल ईस्ट में बढ़े तनाव, चीन के स्टॉक मार्केट में आए उछाल और कच्चे तेल की कीमत में हुई जबरदस्त बढ़ोतरी के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली की। डिपॉजिटरी से मिले आंकड़ों के अनुसार 01 से 04 अक्टूबर के बीच के तीन कारोबारी दिन (02 अक्टूबर को छुट्टी होने की वजह से कारोबार नहीं हुआ था) में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक एक तरफा बिकवाली करते रहे। हालांकि इसके पहले सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 57,724 करोड़ रुपये की खरीदारी की थी। सितंबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा की गई खरीदारी का ये आंकड़ा शेयर बाजार में 9 महीने के मासिक विदेशी निवेश का सर्वोच्च स्तर था। उल्लेखनीय कि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 2 महीने अप्रैल और मई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने कुल मिलाकर 34,252 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी।

इसी तरह कैलेंडर ईयर 2024 के पहले महीने जनवरी में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बिकवाल की भूमिका में बने रहे थे। यानी साल 2024 के 03 महीने जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़ कर शेष 06 महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक लगातार लिवाल (बायर) की भूमिका में बने रहे हैं। पहले माना जा रहा था कि अक्टूबर में भी यही ट्रेंड जारी रह सकता है, लेकिन पहले चीन द्वारा जबरदस्त राहत पैकेज का ऐलान करने और फिर ईरान-इजरायल के तनाव की वजह से अक्टूबर की शुरुआत होते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बिकवाल की भूमिका में आ गए हैं। अगर भारत के डेट और बॉन्ड मार्केट में विदेशी निवेशकों की भूमिका की बात करें, तो अक्टूबर के पहले तीन कारोबारी दिन में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 900 करोड़ रुपये की निकासी की है। हालांकि इन तीन दिनों में ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने वॉलंटरी रिटेंशन रूट (वीआरआर) के जरिए 190 करोड़ रुपये का निवेश भी किया है।

## सर्राफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी ने लगाई जोरदार छलांग

एजेंसी, नई दिल्ली



नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई है, जबकि पिछले तीन दिनों से लगातार सपाट स्तर पर चल रहे चांदी ने आज 2,600 रुपये की छलांग लगाई है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये से लेकर 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,350 रुपये से लेकर 71,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने के विपरीत चांदी की कीमत में आज जोरदार तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

## कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने एचसीएल की सुरदा खदान का किया उद्घाटन

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने शनिवार को एचसीएल की सुरदा खदान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सतीश चंद्र दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि सुरदा खदान का परिचालन फिर से शुरू होना देश को तांबे के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोयला एवं खान राज्य मंत्री दुबे ने कहा कि इस खदान के परिचालन से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में नई जान आएगी और प्रति वर्ष करीब 100 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इस मौके पर झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, जमशेदपुर से सांसद विद्युत वरण महतो, एचसीएल के सीएमडी घनश्याम शर्मा, खान मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक कुमार बाजपेयी और केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। खान मंत्रालय के मुताबिक एचसीएल की योजना अगले सात वर्षों में सुरदा खदान की खनन क्षमता को वर्तमान 0.4 एमटीपीए से बढ़ाकर 0.9 एमटीपीए करने की है। झारखंड कैबिनेट ने हाल ही में केंदाडीह और राखा खदानों के लिए लीज विस्तार को मंजूरी दी है।

## सीतारमण ने भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी से मुलाकात की

एजेंसी, नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को नई दिल्ली में भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों ने कई अहम मुद्दों बातचीत की। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने ल्योनपो लेके दोरजी, भूटान के राजा, शाही परिवार के सदस्यों और भूटान के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोरजी ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने और भूटानी प्रतिनिधिमंडल को गर्मजोशी से आतिथ्य प्रदान करने के लिए उन्हें दिए गए अनुग्रहपूर्ण निमंत्रण को स्वीकार करते हुए उन्होंने भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए भारत सरकार के विकास समर्थन और मुद्रा विनिमय और स्टैंडबाय क्रेडिट सुविधा के संदर्भ में सहायता के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण को धन्यवाद दिया। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री ने भूटान के समर्थन को स्थायी साझेदारी और विकास और समृद्धि के लिए साझा प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया। निर्मला सीतारमण ने भूटान में भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम), यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और रूपे कार्ड की व्यापक स्वीकृति का उल्लेख किया और भारत और भूटान के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क, सुरक्षा की रहेगी चाक-चौबंद व्यवस्था

चा ० भूमि बेतिया



» अफवाहों पर ध्यान नहीं दें :डीएम
» जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**बेतिया।** जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा त्योहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई।

जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व-त्यौहार के अवसर पर समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने में आपका सहयोग अपेक्षित है। आपके सहयोग से पूर्व के पर्व-त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया है। दुर्गापूजा का त्यौहार भी सद्भाव, सौहार्द के साथ संपन्न कराना है। आप सभी जिला प्रशासन को सहयोग करें और जिले में शांतिपूर्ण तरीके से पर्व-त्योहार को हषोल्लास के साथ मनाएं।

शांति समिति के सदस्यों से जिलाधिकारी ने कहा कि पूजा अवधि में रात्रि के समय पूजा पंडाल श्रद्धालुओं से खाली रहता है। इस दौरान पूजा समिति के वोलिएंटर्स को सजग एवं सतर्क रहना है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूजा-पंडालों सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस मजिस्ट्रेट, महिला दंडाधिकारी, महिला पुलिस बल सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की चूक, लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सजग एवं सचेत रहकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करेंगे।

जिलाधिकारी द्वारा जिलेवासियों से अपील की गयी है कि हर्षोल्लास के साथ पर्व-त्योहार को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं। जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। असामाजिक तत्वों तथा अन्य अपराधियों की सूचना त्वरित गति से पुलिस प्रशासन को दें ताकि कार्रवाई की जा सके। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों के पोस्टों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने अपील की है कि जिलेवासी किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है।

जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त करते हुए पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री शौर्य सुमन ने कहा कि शांतिपूर्वक, भाईचारे, जोश एवं उमंग के साथ पर्व त्यौहार मनाएं। पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। आप सभी भी शांतिपूर्ण पर्व सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम अथवा अन्य कारणों से फूहड़पन तथा अश्लीलता नहीं होनी चाहिए। जुलूस वगैरह में हथियार लहराने की घटना पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक, बगहा, सुशांत कुमार सरोज ने सदस्यों से कहा कि शांतिपूर्ण त्यौहार को सम्पन्न कराने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। आप सभी का सक्रिय सहयोग पुलिस प्रशासन को मिलना चाहिए। पूजा, विसर्जन के दौरान ड्रोन पेट्रोलिंग सहित वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करायी जाएगी। प्रत्येक गतिविधि पर नजर रहेगी। शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों से कहा कि यहाँ जो भी बाते बतायी जा रही है, उसे वार्ड स्तर पर भी लोगों के साथ शेयर करें।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से प्रसारित होने वाले अफवाहों के फैलाव को रोकना है। किसी भी विवादास्पद मैसेज को पोस्ट नहीं करें साथ ही फॉरवर्ड भी नहीं करें।

जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में ओबैदुर रहमान, इफ्तेखार अहमद उर्फ मुन्ना त्यागी, अरुण कुमार, रहमत अली, संजय कुमार यादव, संदीप कुमार, मदन प्रसाद गुप्ता, सरफराज अहमद, राजकुमार, नवनीत कुमार, विनय कुमार, राजकिशोर महतो, प्रभु यादव, आनंद सिंह, विश्वनाथ प्रसाद कुशवाहा, रजिया तबस्सुम, साजन कुमार, दीपू शर्मा, बृजकिशोर सिंह, मुन्ना सोनी, नंदलाल प्रसाद, अंकित कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, संजय कुमार सिंह, राजकिशोर चौधरी, कृष्णा पाल, अजय जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। सभी ने कहा कि पूर्व के पर्व-त्योहारों को जिस प्रकार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाते आये हैं, उसी प्रकार दुर्गा पूजा (दशहरा) त्यौहार को भी मनाएंगे एवं शांति व्यवस्था कायम रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री शौर्य सुमन, पुलिस अधीक्षक, बगहा, सुशांत कुमार सरोज, अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया, शम्भू कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, विनोद कुमार, निदेशक, डीआरडीए, अरुण प्रकाश, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेतिया सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, गौरव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा, रामनगर, नरकटियागंज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्य आदि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## सिकरहना में डूबने से छात्र की हुई मौत

चाणक्य भूमि,सिकटा

» परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

टेंगरहिया गांव के बगल से होकर गुजरने वाली सिकरहना नदी में रविवार की दोपहर डूबने से इंटर के छात्र फिरोज आलम (22) की मौत हो गई।वह नदी किनारे शौच के लिए गया था।नदी में छात्र को डूबते कुछ लोगों ने देख शोर मचाया। हो-हल्ला पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।ग्रामीण गोताखोरों ने तुरंत पानी में छलांग लगाकर छात्र को निकाला।तब तक गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो चुकी थी।छात्र बकुलहर पंचायत के टेंगरहिया गांव के वार्ड नंबर-5 निवासी मिस्टर आलम का पुत्र है।इसकी खबर छात्र के परिजनों को मिलते ही परिवार में कोहराम मच गई।घटना शिवाघाट पुल से पश्चिम टेंगरहियां गांव के सटे दक्षिण की है।ग्रामीणों ने सम्भावना जताया है कि वह शौच के दौरान नदी में गया होगा।इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और नदी के गहरे पानी में जा डूबा।जिससे उसकी मौत हो गई।ग्रामीणों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी कर रही थी लेकिन परिजनों ने घटना को सिर्फ संयोग बताते हुए पोस्टमार्टम कराने से सीधे इंकार कर दिया।युवक इंटर का छात्र था।उसके पिता सिलाई का काम करते हैं।वहीं मां गृहिणी है।वह दो भाई-बहनों में सबसे बड़ा था।थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि शव को नदी से निकाल लिया गया है।मृतक के परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।












## दुर्गा पूजा को लेकर नगर में प्रशासन मुस्तैद

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। इसी कडी में नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार के द्वारा पुलिस बल से साथ नगर के सड़कों पर निकले। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहे बताते चलेगी हर साल के बाद इस साल भी नगर में बड़े धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। जिसमें पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिवों को प्रशासन के द्वारा कुछ गाइड लाइंस दिए गए हैं। जिसका पालन सभी पूजा पंडाल में किया जा रहा है। नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि दुर्गा की पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कर ए जाए जिसको लेकर भारी मात्रा में पुलिस वालों की तैनाती की गई है इतना ही नहीं शादी लिबास में भी पुलिस बल मेले में घूमते रहेंगे जिसे विधि व्यवस्था पूरी तरह से कंट्रोल में रहे ताकि पूजा करने आए श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसका पूरा ख्याल पूजा समिति के सदस्य के साथ पुलिस के द्वारा ख्याल रखा जाएगा। इसके साथ उन्होंने कहा कि दर्शन के लिए आए सभी श्रद्धालुओं को अगर कोई परेशानी होती हो तो स्थानीय थाना को सूचना दे इसके साथ ही डायल 112 को भी सूचित करें जिस समय पर प्रशासन के द्वारा उनका उनका सहयोग मिल सके इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेले में घूमने वाले और सामाजिक तत्व को इस बार खैर नहीं वह अभी से सुधर जाए नहीं तो हम सुधारने पर उतर जाएंगे तो उनको बहुत दिक्कत होगी

## हक हकूक के लिए गोलबंद हुये शिक्षा सेवक

चा ० भूमि,मैनाटाड़



» बैठक में बनायी रणनीति

अपने हक हकूक के लिए प्रखंड के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षा सेवकों ने रविवार को बीआरसी परिसर में एकजुट होकर विशेष रणनीति बनाया। साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन अच्छे ढंग से करने और सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगो तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नजीर अहमद ने किया।वही मुख्य अतिथि के रूप में बैठक में पहुंचे संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार रजक को फुलमाला तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी शिक्षा सेवक मनोयोग से अपने ड्यूटी का निर्वहन करे।हम अच्छा काम करेगे तो उसका अच्छा परिणाम मिलेगा।सरकार ने जिस उद्देश्य से हमारी बहाली की है उस उदेश्य को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ने हमलोगो को बहुत कुछ दिया है,और आगे भी बहुत कुछ देने जा रही है। वहीं बैठक में मानदेय कटौती, सीएल, ई-शिक्षकोष पर हाजिरी बनाने सहित कई समस्याओं को शिक्षा सेवकों ने बारी बारी से रखा जिसे प्रदेश अध्यक्ष ने सकारात्मक जबाब दिया। मौके पर अफसार हुसैन,अतिरसुल अंसारी,सुरेंद्र बैठा, सरफराज आलम,सत्यप्रकाश बैठा,अलिएमाम,अफरोज आलम,परमेश्वर बैठा,अम्बिका बैठा,सबनम खातून,अजमेरी बेगम,ताहिरा खातून,अजय बैठा, अरमान आलम,अफजल आलम,खन्नु बैठा,धर्मराज बैठा,अलीमहम्द मियां ,अकबर बैठा आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर वार्ड पार्षद संजय यादव ने कार्यपालक पदाधिकारी को दिया आवेदन

चाणक्य भूमि बगहा

बगहा। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 30 में हुए अतिक्रमण को लेकर वार्ड पार्षद संजय यादव ने बगहा नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा को एक लिखित आवेदन दिया है दिए आवेदन में लिखा है कि वार्ड संख्या 30 में वर्तमान समय में अतिक्रमण की समस्या काफी भयवाह हो चुकी है एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग अहिरानी टोला से लेकर रौशन चौधरी के घर तक लोगों का पूरा कार्य रोड एवं सरकारी जमीन को अतिक्रमण कर किया जा रहा है इस मार्ग में लोगों ने रोड के जमीन को अतिक्रमण कर अपना मवेशी एवं अपने घर की सीढ़ी बना लिया है जिससे बरसात के समय में ऊक्त सड़क मार्ग कीचड़ एवं पानी से भरा पड़ा रहता है जिससे वार्ड वासियों को आने जाने एवं छोटे बच्चों को पढ़ाने जाने में समस्या हो रही है। अतिक्रमण को लेकर लोगों के बीच काफी आक्रोश है। कभी भी आंदोलन का रूप ले सकती है। इसके साथ ही श्री यादव ने कार्यपालक और अधिकारी को सड़क का निरीक्षण कर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई एवं सड़क किनारे नाली को सफाई कराने का कष्ट करें। ताकि आमजन को इस समस्या के छुटकारा मिल सकें मांग किया है। बताते चले की वार्ड संख्या 30 में एक पोखर भी है जो स्थानीय लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर उसे पोखर में गंदे पानी बहाया जा रहा है जिससे मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। पोखरी के बगल में ही सरकारी जमीन पड़ी हुई है जिस पर स्थानीय लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है।

## हक हकूक को ले बंगाली समाज के लोगों में भरी हुंकार

चाणक्य भूमि,मैनाटाड़



प्रखंड के चौहट्टा पंचायत अंतर्गत धोकरहा प्रथमिक विद्यालय के प्रांगण में बिहार बंगाली समिति के बैनर तले एक सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। वही कार्यक्रम का अध्यक्षता बिहार बंगाली समिति के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णधन दास और संचालन राजू विश्वास ने किया। वही कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से शुरू किया गया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि के रूप मे जदयू के प्रदेश महा सचिव डॉ अनुकूल सरकार ने सभा को संबोधित करते हुए बंगाली समुदाय के सामाजिक, राजनैतिक, उत्थान के लिए उठाये जाने वाले कदम एवं उनके मौलीक अधिकारी के रक्षा हेतु परिचर्चा किया। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि हम 70 वर्षो से रह रहे हमारे बंगाली समुदाय के लोगो को हमारे मौलिक अधिकारो से क्यो वचित रखा गया है। हमारे जमीन का रैयती, जाति, प्रमाण पत्र निर्गत करने में आना कानी किया जाता रहा है। बंगला हमारी मातृभाषा है लेकिन 90% हमारे बच्चे मातृ भाषा से वंचीत है। 1922 से पहले यह बंगाल प्रांत था, किंतु आज अपने ही बंगाल प्रांत मे शरणार्थी के रूप में एक सामाजीक अभिषाप झेलते आ रहे है। हमारी जनसंख्या चंपारण मे करिब 4 लाख है। हम विगत 70 वर्षो से सिर्फ मूर्ख बन रहे है और हमसे सिर्फ वोट लिया जाता रहा है। लेकिन आज तक बिहार से कोई भी जन प्रतिनिधि विधासभा, लोकसभा, राज्य सभा में किसी भी पार्टी में बंगाली समुदाय से कोई भी प्रतिनिधि नही खड़ा किया गया है। जो हमारी समस्याओं को रखे। उन्होंने कहा कि यह कैसा सामाजिक न्याय है, क्या देश के आजादी में हमारे पूर्वजों ने खून नहीं बहाया, देश के आजादी में हमारे समुदाय के वीर जवानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था, हम आपको याद दिलाना चाहते है कि मात्र 13 बर्ष की उम्र में खुदी राम बोस ने फासी पर हंसते हंसते चढ़ गये। क्या इसी आजादी के लिए हमारे पूर्वजो ने बलीदान दिया है। मौके पर महिला जदयू के जिलाध्यक्ष प्रेमशिला गुप्ता , डॉ० मदन बनिक , बिहार बंगाली समिती सचिव राधा कान्त देवनाथ, राजेश विश्वास, कृष्णा दास, निशिकांत हलदार, बिंदु वैध, निर्मल मंडल, नित्यानंद, गोविंद दास, गौतम चंद्र पाल, नटवर चंद्र वंसी, कृष्णधन दास, संजीत बढई, श्यामल पाल, सुरेंद्र बढई, नवनीत दास समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।















# नगर निगम के पैसे हुये निजी भवन की मरम्मती की होगी जाँच- महापौर

**पश्चिम कगहिया के निजी उपयोग वाले सामुदायिक भवन की 9.98 लाख से मरम्मती की होगी जांच**

चा० भूमि बेतिया



» प्राप्त जन शिकायत के आधार पर निजी उपयोग वाले सामुदायिक भवन का निगम के पैसे हुए निर्माण का महापौर ने दिया है जांच और कार्रवाई का आदेश

नगर निगम के वार्ड दो के पश्चिम कगहिया में एक निजी भूखंड पर मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास निधि से वर्षों पूर्व निर्मित एक निजी उपयोग वाले सामुदायिक भवन की मरम्मती नगर निगम की एक विभागीय योजना के तहत कराने की शिकायत की गई है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया को विद्या मांझी की ओर से सौंपे गई शिकायत की प्रतिलिपि विभागीय सचिव, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को भी देने के साथ इसको लाखों की सरकारी राशि का दुर्पयोग स्थानीय नगर पार्षद अनुराधा यादव द्वारा विधि विरुद्ध यह कार्य कराने का आरोप लगाया गया है।

आवेदन में यह भी उल्लेख है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास मद की सरकारी राशि से निर्मित इस सामुदायिक भवन का उपयोग निर्माण काल से ही पश्चिम करगहिया निवासी मुन्ना यादव उर्फ कमल यादव और उनके परिवार द्वारा किया जाता रहा है। बावजूद इसके इसकी मरम्मती और नाला निर्माण मद में पार्षद अनुराधा यादव द्वारा कुल 9,98700 की सरकारी राशि का दुर्पयोग पुनः नगर निगम के द्वारा करा दिया गया है। आवेदक विद्या मांझी ने इसके लिए जिम्मेदार और दोषी लोगों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कार्रवाई के बाद कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि आवेदन में लगाए गए आरोप की गंभीरता को लेकर उन्होंने नगर आयुक्त शंभू कुमार को जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714